पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 161

ग्वालियर, शनिवार, 31 जुलाई, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.

वन-टू-वन

मुंबई में एंटी नारकोटिक्स सेल ने बरामद की करोड़ों की ड्रग्स, 7 गिरफ्तार

मुंबई, (ए)। मुंबई एंटी नारकोटिक्स सेल ने बीते 48 घंटों के दौरान 4 बड़े ठिकानों पर छापा मारकर 2 करोड़ 37 लाख रूपये मूल्य की ड्रग्स और 2 लाख 25 हजार रुपया नकद बरामद किया है. वहीं पुलिस ने 7 आरोपियों को भी पकड़ा है जिनमें एक महिला और 2 विदेशी नागरिक हैं. आरोपी महिला मुंबई से सटे मीरा रोड से गिरफ्तार की गई है जिसके पास से करीब 500 ग्राम गांजा बरामद किया गया है. मुंबई एंटी नारकोटिक्स सेल के डीसीपी दत्ता नालावडे ने कहा कि मुंबई की आजाद मैदान यूनिट और वर्ली यूनिट सहित शिवाजी नगर यूनिट ने मिलकर महज 2 दिन में चार बड़े ठिकानों का खुलासा किया और भारी मात्रा में ड्रग्स और नकद बरामद किया है. गिरफ्तार किए गए सात लोगों में से दो अफ्रीकी देशों के रहने वाले हैं. मामले में आगे जांच की जा रही है।

केरल में कोरोना ने मचाया हाहाकार तो राहुल ने लगाई लोगों से गुहार

नई दिल्ली (ए)। केरल में कोरोना वायरस संक्रमण के मामले बढ़ने के बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को राज्य में लोगों से सभी सुरक्षा उपायों और दिशा निर्देशों का पालन करने की अपील की और कहा कि राज्य में बढ़ते कोरोना के मामले चिंताजनक हैं। केरल के वायनाड से सांसद राहुल गांधी ने ट्वीट किया, %केरल में कोरोना वायरस संक्रमण के मामले बढ़ना चिंताजनक है। मैं राज्य में हमारे भाइयों और बहनों से सभी सुरक्षा उपायों तथा दिशा निर्देशों का पालन करने की अपील करता हूं। कृपया ध्यान रखिए। केरल में गुरुवार को लगातार तीसरे दिन कोविड-19 के 22,000 से अधिक मामले सामने आए। केंद्र सरकार कोविड-19 प्रबंधन में राज्य के प्रयासों में मदद करने के लिए छह सदस्यीय दल को केरल भेज रही है। राज्य में पॉजिटिविटी रेट बढ़कर 13.53 फीसदी हो गया है। केरल में बिगड़ते कोरोना के हालात को देखते हुए आज केंद्र सरकार अपनी 6 सदस्यों वाली टीम भेज रही है। इतना ही नहीं, केरल सरकार ने कोरोना कंट्रोल करने के लिए 31 जुलाई और 1 अगस्त को कंप्लीट लॉकडाउन का ऐलान किया है।

भागलपुर में बड़ा हादसा ! नाव डूबने से 4 लोग लापता ! 6 लोग तैर कर निकले बाहर

भागलपुर (ए)। बिहार के भागलपुर जिले के के नवगछिया के मदरोनी नदी में नाव डूब गया है। इस हादसे में नाव पर सवार 10 लोग में से 6 लोग तैरकर बाहर निकल चुके है लेकिन 4 लोग अभी भी लापता है। ग्रामीण सूत्रों की मानें तो कोसी नदी पार कर दूध लाने के लिए कुछ लोग जा रहें थें कि, इसी दौरान हादसा हो गया। तैरकर कर निकले व्यक्ति ने बताया कि, 4 लोग जो लापता है उसमें से एक लोग ने उसे फोन पर जानकारी दी ,कि, वह झारी पकड़ कर पानी में ठहरा हुआ है हालांकि इतना कहते ही उनकी फोन कट गई ! एक लोग झाड़ी के सहारे बचा हुआ है । सूचना के बाद एस डी आर एफ की टीम मौके पर पहुंच कर ग्रामीणों के सहयोग से लापता व्यक्ति की खोजबीन कर रही है।

लवलिना की ऐतिहासिक जीत

ओलिंपिक में मेडल जीतने वाली तीसरी भारतीय बॉक्सर बनीं

टोक्यो ओलिंपिक से शुक्रवार को भारत के लिए शानदार खबर आई है। महिला मुक्केबाज लवलिना बोरगोहेन ने 69 किलोग्राम वेट कैटेगरी के सेमीफाइनल में जगह बनाकर देश के लिए एक और मेडल पक्का कर दिया है। हालांकि, एक अन्य महिला मुक्केबाज सिमरनजीत कौर 60 किलोग्राम वेट कैटेगरी में हारकर बाहर हो गई हैं। दूसरी ओर तीरंदाज दीपिका कुमारी क्वार्टर फाइनल मुकाबला हारकर मेडल की होड़ से बाहर हो गई हैं। महिला हॉकी ने आयरलैंड को 1-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीद कायम रखी है। शनिवार को भारत का सामना साउथ अफ्रीका से होगा। इसके बाद तय होगा कि महिला हॉकी टीम क्वार्टर फाइनल में पहुंचती है या नहीं।

बॉक्सिंग में भारत का मेडल पक्का, हॉकी टीम जीती

लवलिना बोरगोहेन ने क्वार्टर फाइनल में चाइनीज ताइपे की चिन निएन चेन को हराया। तीनों राउंड में लवलिना ने प्रतिद्वंद्वी मुक्केबाज को टिकने नहीं दिया। पहले राउंड में 5 में से 3 जजों ने लवलिना के पक्ष में फैसला सुनाया है। दूसरे राउंड में सभी 5 जजों ने लवलिना को विजेता पाया। तीसरे राउंड में 4 जजों ने लवलिना को बेहतर बताया। इस तरह लवलिना ने 4-1 से मुकाबला जीता। बॉक्सिंग में सेमीफाइनल में पहुंचते ही मेडल पक्का हो जाता है। लवलिना का सेमीफाइनल मुकाबला 2019 की वर्ल्ड चैंपियन तुर्की की एना लाइसेंको से होगा। वेटलिफ्टर मीराबाई चानू ने इस ओलिंपिक में भारत के लिए पहला मेडल जीता है। उन्होंने सिल्वर मेडल अपने नाम किया है।

लवलिना ओलिंपिक में मेडल जीतने वाली भारत की दूसरी भारतीय महिला मुक्केबाज बन गई हैं। उनसे पहले एमसी मेरीकॉम ने 2012 लंदन ओलिंपिक में ब्रॉन्ज जीता था। पुरुष-महिला मिलाकर लवलिना बॉक्सिंग में ओलिंपिक मेडल जीतने वालीं तीसरी भारतीय हैं। पुरुषों में विजेंदर सिंह ने 2008 बीजिंग ओलिंपिक में ब्रॉन्ज जीता था।

दीपिका कुमारी महिला सिंगल्स तीरंदाजी के क्वार्टर फाइनल में कोरिया की एन सेन से 0-6 से हार कर बाहर हो गईं। सेन ने पहला सेट 30-27, दूसरा 26-24 और तीसरा 26-24 से जीता। तीनों सेट में जीत की बदौलत सेन को 6 पॉइंट मिले। इससे पहले प्री क्वार्टर फाइनल में दीपिका ने रूस की सेनिया पेरोवा को शूटआउट में 6-5 से हराया था।

शूटिंग- महिलाओं की 25 मीटर एयर पिस्टल इवेंट के क्वालिफाइंग मुकाबले से भारतीय निशानेबाज मनु भाकर और राही सरनोबत बाहर हो गई हैं। भाकर 582 का स्कोर कर 11वें स्थान पर जबकि राही 573 अंक लाकर 32वें स्थान पर रहीं।

एथलेटिक्स-भारत के अविनाश साबले पुरुषों की 3000 मीटर स्टीपलचेज के राउंड हीट 2 में सातवें स्थान पर रहे। हालांकि उन्होंने 8 मिनट 18.12 सेकेंड का समय निकालकर नया नेशनल रिकॉर्ड बनाया।

पेगासस पर संसद में हंगामा

राज्यसभा 2.30 बजे तक स्थगित, 16 विपक्षी दलों ने मीटिंग कर सरकार को घेरने की रणनीति बनाई

नई दिल्ली, एजेंसी

पेगासस विवाद, किसानों और महंगाई के मुद्दों पर संसद में आज भी हंगामा हो रहा है। इस बीच राज्यसभा की कार्यवाही दूसरी बार स्थगित की गई है। सदन पहले 12 बजे तक और फिर 2.30 बजे तक स्थगित कर दिया गया। वहीं लोकसभा की कार्यवाही भी 12 बजे तक स्थगित करनी पड़ी थी। उधर विपक्ष ने संसद की कार्यवाही शुरू होने से पहले ही सरकार को घेरने की रणनीति पर चर्चा कर ली थी। इसके लिए राज्यसभा के नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के कमरे में 16 विपक्षी दलों के नेताओं की बैठक हुई। इसमें राज्यसभा और लोकसभा के नेता शामिल थे। संसद की कार्यवाही शुरू होने से पहले कांग्रेस सांसद माणिक टैगोर ने कहा था कि सरकार संसद में विपक्ष को बोलने नहीं दे रही है। टैगोर ने कहा कि विपक्ष की बात सुनी जानी चाहिए और प्रधानमंत्री या गृह मंत्री मौजूदगी में पेगासस मामले पर चर्चा होनी चाहिए। इससे पहले गुरुवार को को भी संसद के में हंगामा जारी रहा। इससे दोनों सदनों की कार्यवाही दोपहर बाद दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। हालांकि शोर-शराबे के बीच लोकसभा ने दो विधेयकों को बिना चर्चा के ही पारित कर दिया। ऐसा ही राज्यसभा में हुआ। इससे पहले लोकसभा की कार्यवाही शुरू होने पर अध्यक्ष ओम बिरला ने विपक्षी सदस्यों के अभद्र व्यवहार पर नाराजगी जताई।

पहले हफ्ते में सिर्फ 4 घंटे हुआ कामकाज

मानसून सत्र के पहले हफ्ते में संसद के दोनों सदनों में विपक्षी दलों ने तीन नए केंद्रीय कृषि कानूनों और पेगासस जासूसी मामले के साथ कई दूसरे मुद्दों पर जमकर हंगामा किया। पिछले हफ्ते सिर्फ मंगलवार को राज्यसभा में चार घंटे सामान्य ढंग से कामकाज हो पाया, जब कोरोना के चलते देश में बने हालात को लेकर सभी दलों के बीच आपस में बनी सहमति के आधार पर चर्चा हुई थी।

राज्यसभा के ये नेता मौजूद रहे

मल्लिकार्जुन खड़गे, आनंद शर्मा, जयराम रमेश, केसी वेणुगोपाल (कांग्रेस), सुखेंदु शेखर रॉय , तिरुची शिवा और आरएस भारती , ई करीम, विशंभर निषाद (स्क्क), वंदना चव्हाण और फौजिया खान, विनय विश्वम , संजय राउत (शिवसेना), एमवी श्रेयांश कुमार, श्री वाइको)

लोकसभा के ये नेता मौजूद रहे

अधीर रंजन चौधरी, गौरव गोगोई, सुरेश कोडिकुनिल, माणिक टैगोर (कांग्रेस), टीआर बालू , हुसैन मसूदी (नेशनल कॉन्फ्रेंस), ए एम आरिफ , ए शमसुद्दीन , एनके प्रेमचंद्रन , थॉमस जी (केरल कांग्रेस-एम), डी रविकुमार , सौगत रॉय , श्याम सिंह यादव।

जासूसी के आरोपों की जांच करने को सुप्रीम कोर्ट तैयार, अगले हफ्ते होगी सुनवाई

नई दिल्ली। संसद के दोनों सदनों में बीते कई दिनों से पेगासस जासूसी विवाद के कारण हंगामा हो रहा है और अब इस विवाद में सुप्रीम कोर्ट ने भी जांच को स्वीकृति दे दी है। जासूसी के आरोपों की स्वतंत्र जांच की मांग वाली याचिका पर सुनवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट तैयार हो गया है। मुख्य न्यायाधीश एनवी रमना की अध्यक्षता वाली पीठ ने वकील कपिल सिब्बल दलीलों को सुनने के बाद याचिका पर सुनवाई के लिए मंजूरी दे दी है। प्रधान न्यायाधीश ने भी याचिका पर सहमति जताते हुए अगले हफ्ते सुनवाई करने की बात कही है। वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि उन्होंने तत्काल सुनवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट के सामने वरिष्ठ पत्रकार एन. राम और शशि कुमार की याचिका मेंशन की थी। उन्होंने कहा कि ये नागरिकों की स्वतंत्रता को प्रभावित करता है और सुप्रीम कोर्ट की इस पर तत्काल सुनवाई की आवश्यकता है। इस पर चीफ जस्टिस ने कहा कि कोर्ट अगले हफ्ते मामले की सुनवाई करेगा। सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में शीर्ष अदालत के एक मौजूदा या रिटायर जज की अध्यक्षता में जांच की मांग की गई है। गौरतलब है कि इस मामले में स्वतंत्र जांच की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट में 27 जुलाई को याचिका दायर की गई है। याचिका में कहा गया था कि इजराइली स्पाइवेयर सॉफ्टवेयर पेगासस का उपयोग कई प्रतिष्ठित नागरिकों, राजनेताओं और पत्रकारों पर सरकारी एजेंसियों द्वारा कथित तौर पर जासूसी करने के लिए उपयोग में लाया गया है और इसकी एक स्वतंत्र जांच सेवानिवृत्त न्यायाधीश की निगरानी में की जानी चाहिए।

चौथी लहर की चपेट में मिडिल ईस्ट

22 में से 15 देशों में कोरोना के मामले बढ़े



नई दिल्ली, एजेंसी

भारत में खतरनाक दूसरी लहर के लिए जिम्मेदार कोरोना का डेल्टा वैरिएंट अब मिडिल ईस्ट देशों में कहर बरपा रहा है। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन (डब्ल्यूएचओ) ने गुरुवार को बताया कि डेल्टा वैरिएंट की वजह से मिडिल ईस्ट के ज्यादातर देश चौथी लहर का सामना कर रहे हैं। हालांकि, संक्रमितों और मौतों के आंकड़े पर नजर डालें, तो इनमें ज्यादातर लोग ऐसे हैं जिन्हें वैक्सीन की एक भी डोज नहीं लग पाई है।

मिडिल ईस्ट में डब्ल्यूएचओ के रीजनल डायरेक्टर डॉ. अहमद अल-मंधारी ने बताया कि मिडिल ईस्ट के 22 में से 15 देशों में डेल्टा वैरिएंट के मामले रिपोर्ट किए गए हैं। इन देशों में वैक्सीनेशन की दर कम होना भी कोरोना संक्रमण के फैलने की एक बड़ी वजह है। दो महीने पहले के मुकाबले यहां पिछले महीने कोरोना के मामले 55 प्रतिशत तक बढ़े हैं। वहीं, मौतों की बात करें तो इसमें भी 15त्न की बढ़ोतरी रिकॉर्ड की गई है। यहां हर हफ्ते 3.10 लाख मामले और 3,500 मौतें दर्ज हुई हैं। डब्ल्यूएचओ के बयान के मुताबिक, इन दिनों ईरान, ईराक, ट्यूनिशिया और लीबिया में कोरोना सबसे ज्यादा कहर बरपा रहा है। पिछले कुछ हफ्तों में हॉस्पिटल में भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या बढ़ी है। कई हॉस्पिटल लगभग फुल हो चुके हैं। यहां आईसीयू और ऑक्सीजन सप्लाई में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। गौर करने वाली बात यह है कि मिडिल ईस्ट में अब तक 4.1 करोड़ लोगों को वैक्सीन की दोनों डोज दी जा चुकी है। यह इस इलाके की कुल आबादी का सिर्फ 5.5त्न ही है। इन वैक्सीन डोज में भी 40त्न वैक्सीन हाई-इनकम देशों में लगाई गई है। इलाके में इन देशों की आबादी सिर्फ 8 प्रतिशत है।

सब सामान महंगा उपभोक्ता परेशान, अंधाधुंध हो रही कर वसूली : राहुल गांधी

नई दिल्ली (ए)। आसमान छूती मंहगाई से त्रस्त जनता की बेबसी को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए मोदी सरकार घेरते हुए आरोप लगाया कि टैक्स की अंधाधुंध वसूली की जा रही है। राहुल ने दावा किया है कि सामान महंगा हो रहा है लेकिन इसका लाभ उत्पादक, दुकानदार या किसान को नहीं हो रहा है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने ट्वीट किया- सब सामान महंगा होता जा रहा है- उपभोक्ता परेशान हैं। लेकिन क्या इसका थोड़ा भी फ़ायदा

छोटे उत्पादक, दुकानदार या किसान को हो रहा है? नहीं ! क्योंकि ये महंगाई असल में मोदी सरकार की अंधाधुंध टैक्स वसूली है। इससे पहले गांधी ने केंद्र सरकार पर विपक्ष को अपना काम नहीं करने देने का आरोप लगाते हुए कहा कि संसद का समय बर्बाद नहीं किया जाए। उन्होंने कहा कि महंगाई, किसान तथा पेगासस पर चर्चा होनी चाहिए। उन्होंने ट्वीट किया, 'हमारे लोकतंत्र की बुनियाद है कि सांसद जनता की आवाज़ बनकर राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर चर्चा करें। मोदी सरकार विपक्ष को ये काम नहीं करने दे रही।' कांग्रेस नेता ने इस बात पर जोर दिया, 'संसद का और समय व्यर्थ मत करो- करने दो, महंगाई, किसान और पेगासस की बात हो।'

मंत्री, सांसदो, विधायको के नाम पर फर्जी नोटशीट कांड

तीन पुलिस पार्टी जुटी जांच मे, दो पुलिस पार्टी देवास, राजगढ भेजी गई

भोपाल। प्रदेश में मंत्री, सांसदों और विधायकों के नाम पर फर्जी नोटशीट के मामले की पडताल मे जुटी क्राइम ब्रांच की टीमे दो तहसीलदार, 20 शिक्षक सहित शासकीय कर्मचारियों से पूछताछ करेगी। बताया गया है कि इन कर्मचारियों की अनुशंसा का पत्र सीएम हाउस तक पहुंचा था, जो बाद में फर्जी निकला था। वहीं पुलिस अफसरों ने सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर समेत तीन सांसद और विधायक से बातचीत कर उसकी तस्दीक भी कर ली है। अब तहसीदारों और बीस अन्य को नोटिस जारी कर पूछताछ के लिए तलब किया जाएगा। पुलिस का कहना है, कि कर्मचारियों यह जानकारी जुटाई जायेगी कि उन्होंने किस व्यक्ति के जरिये से नोटशीट बनवाई थी। जिससे पुलिस मुख्य आरोपी तक पहुंच सकेगी। क्राइम ब्रांच अधिकारियो के अनुसार सीएम हाउस से धोखाघड़ी किए जाने की शिकायत आई मिली है। इसमें स्वास्थ्य विभाग, स्कूल शिक्षा और राजस्व विभाग के करीब 12 कर्मचारियों के ट्रांसफर की नोटशीट भेजी गई। इसमें भोपाल सांसद प्रज्ञा सिंह, राजगढ़ सांसद रोडमल नागर, देवास सांसद महेंद्रसिंह सोलंकी और रायसेन जिले के सिलवानी विधायक रामपाल.सिंह का नाम है।

संक्षिप्त समाचार

विश्व स्तनपान सप्ताह का आयोजन एक अगस्त से

शिवपुरीद्ध स्तनपान शिशुओं को आवश्यक पोषण प्रदान करने का सबसे अच्छा तरीका है। स्तनपान को प्रोत्साहित करने और दुनियाभर के शिशुओं के स्वास्थ्य में सुधार लाने के लिए हर वर्ष एक से 7 अगस्त तक ÷विश्व स्तनपान सप्ताह÷ मनाया जाता है। संचालक महिला-बाल विकास श्रीमती निधि निवेदिता ने बताया कि मध्यप्रदेश में प्रति वर्ष जन्म लेने वाले 14 लाख बच्चों में से केवल 4.8 लाख बच्चों को जन्म के तुरंत बाद जीवन रक्षक खीस (कोल्स्ट्रम) मिलता है। लगभग 9 लाख बच्चे इससे वंचित रहते हैं। उन्होंने बताया कि केवल 8 लाख बच्चों को 6 माह तक माँ का दूध दिया जाता है, 5.8 लाख बच्चे इससे वंचित रह जाते हैं। जन्म से 24 घंटे के बाद स्तनपान शुरू कराने से शिशुओं के मौत का खतरा 2.4 गुना ब? जाता है। श्रीमती निवेदिता ने बताया कि स्तनपान एवं ऊपरी आहार से शिशु मृत्यु दर में 19 प्रतिशत की कमी लाई जा सकती है। समाज को भी अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। परिवार के सदस्यों को यह समझना आवश्यक है कि स्तनपान विशेष रूप से विभिन्न संक्रामक बीमारियों से बचाने में सक्षम है, क्योंकि यह सीधे माँ से रोग प्रतिकारक क्षमता को स्थानांतरित करके शिशु की रोग प्रतिरोधक प्रणाली को मजबूत कर देता है। संचालक श्रीमती निधि निवेदिता ने बताया कि विश्व स्तनपान सप्ताह पर सभी जिलों में साप्ताहिक वेबिनार, स्थानीय भाषा में स्लोगन का पोस्टर एवं वीडियो का प्रचार, मीडिया का संवेदीकरण, स्तनपान कराने वाली महिलाओं को सफल गाथाओं का संकलन कर रेडियो में प्रसारण, डिजिटल पिक्चर स्टोरी प्रतियोगिता, पोषण प्रशिक्षण आदि कार्यक्रम आयोजित होंगे।

अंकुर कार्यक्रम के अंतर्गत वृहद वृक्षारोपण आज

शिवपुरी। अंकुर कार्यक्रम के अंतर्गत वृहद वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है। शनिवार 31 जुलाई को प्रातः 10 बजे से वायुदूत एप का प्रशिक्षण एवं जनभागिता से वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम भदावरी फॉर्म बरौदी पर आयोजित किया जाएगा। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एच.पी.वर्मा ने समस्त संस्था एवं क्लब के प्रतिनिधियों से अपील की है कि संस्था एवं क्लब के सदस्यों के साथ कार्यक्रम में अपनी सहभागिता दें। इस अभियान के तहत वृक्ष वीरों एवं वीरांगनाओं को प्रशस्ति पत्र प्रदाय कर विजेताओं को प्राणवायु अवार्ड से भी सम्मानित किया जाएगा।

समाधान एक दिवस तत्काल व्यवस्था में प्रगति लाने एवं निराकरण हेतु दिशा-निर्देश जारी

शिवपुरी। प्रभारी कलेक्टर एच.पी.वर्मा द्वारा समाधान एक दिवस तत्काल व्यवस्था में प्रगति लाने एवं त्रुटि रहित निराकरण किये जाने हेतु नवीन रोस्टर जारी करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए है। जारी दिशा-निर्देशों में समस्त प्राधिकृत अधिकारियों को निर्धारित रोस्टर अनुसार लोक सेवा केन्द्र पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं। संबंधित प्राधिकृत अधिकारी के आकस्मिक अवकाश अथवा अन्य कारण से लोक सेवा केन्द्र पर अनुपस्थित होने पर रोस्टर मे दर्शित लिंक ऑफिसर को लिखित में सूचित करते हुए कार्यालय को अवगत कराने के निर्देश दिए हैं। प्राधिकृत अधिकारी डिजिटल सिग्नेचर एक्सपायर होने से पूर्व ही अपना डिजिटल सिग्नेचर रिन्यू कराकर द्वश्चद्गस्त्रद्बह्य-ह्लह्वद्बष्ह्ल.द्दश1.द्बठ्ठ पोर्टल पर मैप कराना सुनिश्चित करेंगे, जिससे आवेदनों के निराकरण में अनावश्यक विलंब न हो। उल्लेखनीय है कि समाधान एक दिन तत्काल व्यवस्था के लिए प्राधिकृत अधिकारियों का चयन कर दिवसवार रोस्टर तैयार कर किया गया है जिससे पात्र हितग्राहियों को प्रमाण पत्र उसी दिवस प्राप्त हो सकें। जिसके तहत आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए है।

आधर कार्ड के जरिए अंगूठा लगवाकर भोले भाले ग्रामीणों को लूट रहे हैं कियोस्क संचालक

पुलिस अधीक्षक शिवपुरी को दिया आवेदन लेकिन आज तक नहीं हुई कोई सुनवाई

शिवपुरी।

केंद्र सरकार के द्वारा संचालित बैंकों ने ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को सुविधाएं देने के हिसाब से ग्रामीण अंचलों में शाखाएं खुलवा दी हैं। परंतु अधिकांश कियोस्क संचालक ग्रामीण क्षेत्रों में शाखाएं ना चलाते हुए बदरवास नगर में धड़ल्ले से शाखाएं संचालित कर रहे हैं और उपभोक्ताओं के रुपए तक हेराफेरी कर उपभोक्ताओं को गुमराह कर निकाल रहे हैं। रुपए आधार कार्ड से रुपए निकालने के मामले बदरवास क्षेत्र में बीते माह निकल कर सामने आए थे। अधिकांश कियोस्क संचालकों ने तो बैंकों से लोन तक गरीब उपभोक्ताओं के निकाल लिए हैं। उपभोक्ता पढ़े-लिखे ना होने के चलते वह समझ नहीं पाते परंतु जब खाता चैक करवाते हैं, तो उन्हें पता चलता है कि हमारे साथ धोखाधड़ी की है। बदरवास सहित ग्रामीण अंचलों में संचालित हो रही शाखाओं में जमकर संचालकों द्वारा फर्जीवाड़ा किया जा रहा है राष्ट्रीय कृत बैंकों की शाखाएं यहां पर संचालित है। इसके बावजूद भी बैंक के आला अधिकारियों द्वारा संचालकों पर आखिर क्यों कार्रवाई नहीं की जाती कुछ लोगों का तो कहना यह भी है। कि आला अधिकारियों से लेकर कर्मचारियों तक के महीने संचालकों से बंद है हुए हैं। जिसके चलते संचालकों के हौसले बुलंद दिखाई दे रहे हैं और वे जमकर फर्जीवाड़ा कर गरीब उपभोक्ताओं को गुमराह कर खुलेआम लूटने में लगे हुए हैं।



श्रीमान थाना प्रभारी महोदय,
थाना बदरवास,
जिला शिवपुरी म.प्र.।

विषय :- खाते से राशि निकालने के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषय में निवेदन है कि प्रार्थी चन्द्रभान सिंह पुत्र श्री लटूरा यादव निवासी ग्राम ऐजवारा, थाना इंदार तहसील बदरवास जिला शिवपुरी का निवासी हूं। प्रार्थी ने अपने बचत खाता क्रमांक 33619316157 में अपने चने की उपज के पैसे खाते में 6,35,000/-रूपये डले हुये थे। प्रार्थी को बाजार की उधारी एवं फसल में दवाई के लिये राशि की जरूरत पडी तो प्रार्थी ने 5,00,000/-रूपये दिनांक 06.08.2019 को शाखा बदरवास से आहरण किये लेकिन दूसरे दिन जब प्रार्थी ने किताब पर लेन-देन का ब्यौरा अंकित करवाया तो उसमें दिनांक 05.08.2019 को 16,000/-रूपये तथा दिनांक 06.08.2019 को 20,000/-रूपये आहरण पाया गया। जिसकी सूचना प्रार्थी ने मौखिक रूप से एसबीआई बैंक शाखा बदरवास को दी लेकिन बैंक की आहत राशि बताने में आना-कानी कर रहा है।

अतः श्रीमान जी से निवेदन है कि मेरी उक्त राशि कहां गई इसकी जांच कर प्रार्थी को दिलवाने की कृपा करें।

किराए के कमरों रहने वालों के अब बने आलीशान भवन

पहले रहते थे किराए के कमरों में आलीशान मकान तक बना लिए बदरवास के ग्रामीण अंचलों में संचालित की ,ओर का संचालन पहले किराए के मकानों में करते थे परंतु अब देखते ही देखते उनका खुद का आलीशान भवन यहां तक की फोर व्हीलर गाड़ी। यह सब आखिर आया कहां से इनके यहां पर लोकायुक्त पुलिस की छापामार कार्रवाई करना चाहिए अधिकांश कियोस्क संचालक कुछ ही महीनों में मालामाल हो गए। हम आपको बता दें कि इन कियोस्क संचालकों द्वारा बड़े पैमाने पर धांधली और गरीब उपभोक्ताओं के पैसे तक निकाल लेते हैं। अधिकांश उपभोक्ताओं के नाम पर केसीसी सहित लोन तक लिए गए हैं यदि वरिष्ठ अधिकारी आकर निरीक्षण करें तो इनकी शाखाओं पर ताला लग सकता है। संचालकों पर कार्रवाई हो सकती है आखिर नियमों के तहत ग्रामीण क्षेत्र की शाखा बदरवास में हो रही है संचालित बदरवास क्षेत्र की तिलातिली,देहरदासड़क,बारईखेडा सहित अनेक गांव की शाखाएं बदरवास में चल रही है आखिर किसके आदेश पर यह शाखाएं ग्रामीण क्षेत्रों में ना चलते हुए बदरवास नगर में चलाई जा रही है। यह एक सोचनीय बिंदु है बदरवास में संचालित होने से ग्रामीण क्षेत्र के लोग किराया लगा कर आते हैं और यदि शाखाएं बंद मिलती है तो उन्हें वापस जाना पड़ता है जिसके चलते इनका समय बर्बाद होता है साथ ही रुपया बर्बाद हो रहा है राष्ट्रीय कृत बैंकों के आला अधिकारी आखिर क्यों नहीं करते इन पर कार्रवाई।

दो साल बीत जाने के बाद भी नही हुई सुनवाई

बदरवास तहसील के अन्तर्गत आने वाला गांव ऐजवारा का रहने वाला चन्द्रभान सिंह पुत्र लटूरा यादव ने अपने बचत खाता नंबर 33619316157 में अपने चने की उपज के पैसे 6लाख35हजार जमा किए थे।कुछ दिनों बाद चन्द्रभान सिंह को पैसों कि जरूरत पडी तो 5लाख रुपये दिनांक 6/8/2019 को बदरवास शाखा से निकाले दूसरे दिन चंद्रभान सिंह अपनी बैंक किताब पर लेन देन का ब्यौरा करवाया तो उसमें दिनांक 5/8/2019को 16हजार तथा दिनांक 6/8/2019 को 20हजार रुपये बगैर खाता धारक के निकाल लिए गए थे किसी ने इसकी जानकारी बदरवास एसबीआई बैंक शाखा से कहा तो उसने आना कानी कि तो खाता धारक ने पुलिस अधीक्षक शिवपुरी को लिखित आवेदन दिनांक 7/8/2019 को दिया गया परन्तु आज दिनांक तक खाताधारक को किसी भी प्रकार का न्याय नहीं मिला है और कई आला अधिकारियों के चक्कर लगा लगाकर खाताधारक आज भी पैसों की आस में बैठा हुआ है आखिरकार दो साल बीत जाने के बाद भी आज दिनांक तक आला अधिकारीयों द्वारा कार्रवाई क्यों नहीं की गई यह बात प्रश्नचिन्ह खड़ा कर रही है कही आला अधिकारियों की तो सहमति नहीं है यह घटना को अंजाम देने के लिए अब देखना होगा कि आला अधिकारी क्या कार्रवाई करते हैं।

इनका कहना है

इस संबंध में खाता धारक से बात कि तो उनके द्वारा कहा कि मैने एसपी साहब एवं बदरवास थाने में आवेदन दिया था लेकिन आजतक कोई सुनवाई नही हुई मेरी फसल के रुपये थे।और बैंक में जाता हूँ तो बैंक अधिकारी धक्के मार कर भगा देते है।

चन्द्रभान सिंह यादव खाताधारक

अंकुर अभियान को गति देने के लिए पौधारोपण अभियान, बीआरसीसी शिवपुरी से होगा 601 पोधों का वितरण

शिवपुरी।

कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के निर्देशन तथा डिप्टी कलेक्टर शिवांगी अग्रवाल एवं जिला शिक्षा अधिकारी दीपक कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में अंकुर अभियान के तहत पौधारोपण का कार्य जारी है जिसमें आज जन शिक्षा केंद्र सेव?ा मे 501 पाधे रोपित किए गए। माध्यमिक विध्यालय गोपालपुर मे 151, प्रावि भेसोरा 101 एवं मजरा सेव?ा मे 101 पोधों का रोपण किया गया। जीवन को सुरक्षित करने हेतु पौधारोपण बहुत जरूरी है, बीआरसीसी अंगदसिंह तोमर के अनुसार पौधारोपण का अभियान लगातार हरियाली अमावश्या के दिन तक चलता रहेगा। इसी संबंध मे अंकुर अभियान को गति देने के लिए 601 पोधों का वितरण 31 जुलाई को जनपद शिक्षा केंद्र शिवपुरी से किया जाएगा, जिससे संस्था प्रभारी पोधे लगाकर प्रकृति निर्माण मे अपना महत्वपूर्ण योगदान दें सके। पौधारोपण मे महत्वपूर्ण योगदान रवींद्र दवेदी जन शिक्षक, दिनेश ओझा संस्था प्रभारी, ललित किशोर शर्मा, हिमाचल पटेल, अर्चना कौशल, प्रेम चंद्र धाक?, सचिन शर्मा, रणवीर रावत, ओम प्रकाश जातव, गोपाल श्रीवास्तव, भरत पाल एवं साथी शिक्षकों का रहा। पौधारोपण कार्यक्रम मे पूर्व प्राचार्य सेव?ा उमेश करारे, केपी जाट, सतेन्द्र दवेदी, राम प्रकाश शर्मा, राम प्रकाश वर्मा, करण सिंह वर्मा, तारा चंद्र भगेल, बाल कृष्ण धाक?, श्रीनिवास ओझा, रामनिवास सोमर , सुनील बाथम , सरपंच राम बल्लभ तिवारी एवं शाला प्रबधन समिति के अध्यक्ष उपस्थित रहे , जन शिक्षा केंद्र सेव?ा के सभी शिक्षकों द्वारा यह भरोश भी दिलाया कि हम हरियाली अमावश्या तक 1500 पोधों रोपित कर उन्हे वायु दूत एप पर अपलोड कर देंगे। सभी शिक्षकों द्वारा शानदार एवं महत्वपूर्ण कार्यक्रम मे सहयोग देने के लिए सभी का आभार माना।

बदरवास रेलवे स्टेशन पर नही रूक रही है रेलगाडिया, यात्री परेशान, सुविधाएं बढ़ाने के लिए भेजा मांग पत्र

शिवपुरी।गुना-इटावा रेलमार्ग पर स्थित महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशन बदरवास से गुजरने वाली सवारी ट्रैनों को स्पेशल एक्सप्रेस के नाम से चलाने के कारण यहां इनके स्टॉपेज खत्म कर दिये गए हैं जिसके कारण क्षेत्रीय यात्रियों को परेशानियों का सामना करना प? रहा है। कोरोना के पूर्व बदरवास स्टेशन पर रुकने बाली ट्रेनों जो वर्तमान में स्पेशल एक्सप्रेस नाम से चल रही हैं उनके स्टॉपेज करने, प्लेटफार्म का विस्तार करने तथा गुजरने बाली अन्य एक्सप्रेस गा?यों के ठहराव को लेकर रेल सुविधा संघर्ष समिति ने रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव, केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया, रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष, पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर के महाप्रबंधक, मंडल रेल प्रबंधक भोपाल को मांगपत्र भेजकर बदरवास स्टेशन पर सुविधाएं प्रदान करने की मांग की है। रेल सुविधा संघर्ष समिति के गोविन्द अवस्थी ने ट्रैन स्टॉपेज सहित यात्री सुविधाएं ब?ाने हेतु भेजे गए मांगपत्र की जानकारी देते हुए बताया कि कोरोना के चलते लंबे समय तक ट्रैन बंद थीं जिनको कुछ माह पूर्व चालू भी किया जा चुका है। बदरवास स्टेशन पर कोरोनाकाल के पूर्व ग्वालियर-भोपाल इंटरसिटी,भिंड इंदौर,ग्वालियर-इंदौर एक्सप्रेस ट्रेनों का स्टॉपेज था। कोरोना के बाद इन सवारी गा?यों को स्पेशल एक्सप्रेस नाम से चलाया जा रहा है और बदरवास स्टेशन पर इन गा?यों का स्टॉपेज बंद कर दिया गया है, जिसके कारण क्षेत्र के लोगों को इंदौर,ग्वालियर, भोपाल सहित अन्य जगह आवागमन में बेहद परेशानियों का सामना करना प? रहा है। एक तरफ जहां बसों में यात्री किराया दोगुना हो गया है और दूसरी तरफ बदरवास में ट्रेन नहीं रुक रहीं हैं जिनके कारण यात्रियों को सुविधाजनक और किफायती यात्रा का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

अंकुर अभियान अंतर्गत किया वृक्षारोपण, उद्यानिकी फसलों पर प्रशिक्षण का आयोजन

शिवपुरी।

विकासखण्ड शिवपुरी के ग्राम ब?गांव में चिन्हित मुख्यमंत्री खेततीर्थ अंतर्गत मॉडल कृषिवानिकी फार्म पर वरिष्ठ नागरिक एवं प्रगतिशील कृषक दंपत्ति श्री प्रेमनारायण शर्मा एवं श्रीमती मोहिनी शर्मा द्वारा वृक्षारोपण किया गया। उनके द्वारा मॉडल कृषि वानिकी प्रक्षेत्र पर अमरूद के 60 पौधे रोपित किये गये। इस दौरान उद्यानिकी फसल टमाटर एवं अमरूद की उत्पादन तकनीक पर ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। वरिष्ठ नागरिक एवं प्रगतिशील कृषक श्री प्रेम नारायण शर्मा कृषि विज्ञान केन्द्र शिवपुरी की वैज्ञानिक परामर्श समिति में सदस्य हैं एवं यह देश ही नहीं विदेश में भी रहते समय जिले की कृषि में नवाचार एवं वृक्षारोपण के प्रति लोगों को जागरूक करते हैं। अंकुर अभियान की प्रेरणा से उनके प्रक्षेत्र पर अन्य विभागों एवं जन अभियान द्वारा वृक्षारोपण किया जा रहा है। कृषि वैज्ञानिकों द्वारा प्रधानमंत्री के ध्येय ''हर मे? पर पे?'' लगाने एवं आत्मनिर्भर कृषि के लिए प्रेरित किया जा रहा है। लाभकारी समन्वित कृषि प्रणाली में वृक्ष अवयव तथा सहयोगी कृषि उद्यमों का समायोजन कर कृषकों की आय ब?ाने में महत्वपूर्ण कृषि तकनीकियां कृषि वैज्ञानिकों द्वारा बतलाई जा रही हैं। जिन्हें जिले के कृषक अपनी कृषि में अंगीकार कर मौसम एवं जलवायु अनुकूल वैकल्पिक कृषि परामर्श से फसल उत्पादन तथा अन्य सहयोगी उद्यमों से अच्छा उत्पादन प्राप्त कर आय में वृद्धि कर सकते हैं। अंकुर अभियान अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम में डॉ.एम.के.भार्गव, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं श्री नीरज कुशवाहा, तकनीकी अधिकारी द्वारा कृषकों के प्रक्षेत्र पर भ्रमण कर वृक्षारोपण के लिए प्रेरित भी किया जा रहा है। जिले की महत्वपूर्ण उद्यानिकी फसल टमाटर एवं अमरूद की उत्पादन तकनीक पर डॉ. रश्मि बाजपेई, वैज्ञानिक द्वारा ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम शुक्रवार को आयोजित गया। डॉ. शैलेन्द्र सिंह कुशवाह वरिष्ठ वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा कृषि विज्ञान केन्द्र पर नये स्टॉफ को अंकुर अभियान अंतर्गत वृक्षारोपण कराया गया।

वर्ष 2021 के खेल पुरस्कारों के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई

शिवपुरी।

वर्तमान में प्रदेश के खिलाडी लगातार अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं और प्रदेश व देश का नाम रोशन कर रहे हैं। खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से राज्य खेल पुरस्कार राशि को दोगुना तथा विक्रम और एकलव्य पुरस्कार में साहसिक खेलों को शामिल किया गया है। अब एकलव्य पुरस्कार के लिए एक लाख रूपये तथा विक्रम, विश्वामित्र, स्व.श्री प्रभाष जोशी पुरस्कार तथा लाइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार (प्रत्येक) के लिए दो लाख रुपये प्रदान किए जाएगें। पूर्व में एकलव्य के लिए 50 हजार तथा शेष पुरस्कारों के लिए एक लाख रुपये की राशि सम्मान स्वरूप प्रदान की जाती थी।

ऑनलाइन आवेदन 31 जुलाई तक आमंत्रित

खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा वर्ष 2021 के खेल पुरस्कारों एकलव्य, विक्रम, विश्वामित्र पुरस्कार, लाइफ टाइम अचिवमेंट तथा स्व.श्री प्रभाष जोशी खेल पुरस्कार के लिए ऑनलाइन आवेदन 31 जुलाई 2021 तक आमंत्रित किए गए है। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन द्वारा नवीन पुरस्कार नियम 2021 को मंजूरी प्रदान कर दी गई है, इसका मध्यप्रदेश राजपत्र में प्रकाशन भी कर दिया गया है। इस वर्ष नवीन पुरस्कार नियम अनुसार विगत 5 वर्षो में अर्जित खेल उपलब्धियों के आधार पर खेल पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

ऐसे करें आवेदन

खेल पुरस्कार वर्ष 2021 संबंधी पात्रता एवं आवश्यक जानकारी खेल विभाग की वेबसाइट 222.स्त्रह्य42द्बश्च.द्दश1.द्बठ्ठ पर उपलब्ध है। आवेदक वेबसाइट पर ही ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। आवेदक को अपनी प्रति जिस पर पंजीयन क्रमांक अंकित हो के साथ खेल प्रमाण-पत्र एवं अन्य अभिलेखों की छायाप्रति के साथ संबंधित जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी के कार्यालय अथवा संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण, टी.टी. नगर स्टेडियम, भोपाल में 31 जुलाई तक जमा करना अनिवार्य होगा। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन मान्य नहीं किए जाएंगे।

भाजपा के कार्यकर्ता ही हमारी नींव -राजू बाथम

बदरवास मंडल कार्यसमिति की बैठक सम्पन्न

शिवपुरी।

बूथ का कार्यकर्ता की हमारी पार्टी की नींव है उस पर हमारी सरकार रूपी इमारत ख?ी है उक्त बात मण्डल कार्यसमिति की बैठक के समापन के अवसर पर उपस्थित भाजपा जिलाध्यक्ष राजू बाथम बोलते हुए कही समापन अवसर पर बोलते हुए जिलाध्यक्ष स्वावलंबी मण्डल के विषय पर कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे उन्होंने कहा कि मण्डल के जो पदाधिकारी होते हैं वह शरीर की री? की हड्डी होते हैं जिस तरह से री? की हड्डी शरीर का महत्वपूर्ण अंग होता है उसी तरह से मण्डल मैं कार्यकर्ता होते हैं उन्होंने कार्यकताओं से सरकार की जो योजनाएं चल रही हैं उनको जन जन तक पहुचाने का आव्हान भी किया इससे पहले कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र मैं कोलारस विधायक वीरेंद्र रघुवंशी उपस्थित रहे उन्होंने पहले सत्र मैं सेवा ही संगठन पर बोलते हुए सरकार द्वारा कोरोना के संक्रमण के दौरान किये गए सेवा कार्यो की जानकारी दी उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार ने महामारी के समय मैं जनता को आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई आज हमारे देश ने कोरोना वैक्सीन बना ली है और लगभग 40 प्रतिशत लोगों को वेक्सीन का पहला डोज भी लग चुका है हमारी सरकार ने दिसंबर तक सभी को वेक्सीनेशन का लक्ष्य रखा है इसके लिए हम सभी कार्यकर्ताओं को घर घर पहुँच कर लोगों को वेक्सीन लगवाने के लिए जागरूक करना है और हमारी सरकार लक्ष्य प्राप्त कर सके।कार्यक्रम का संचालन राजीव दुवे ने किया

कार्यक्रम के अंत मैं मण्डल अध्यक्ष चन्द्रपाल यादव ने आभार व्यक्त किया

कार्यक्रम मैं युवा मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष सोनू बिरथरे,जंडेल सिंह गुर्जर,जनपद उपाध्यक्ष रामवीर सिंह,कार्यक्रम प्रभारीद्वय नन्नूलाल सोनी,योगेंद्र यादव,भगवत सिंह यादव,शिशुपाल यादव,जगदीश मंगल,गुलाब सिंह धाक?,भूपेंद्र यादव,बल्ली ठेकेदार,परमाल परिहार,अवतार सिंह यादव,सुरेश सोनी,रामकुमार चतुर्वेदी, हितकुमार श्रीवास्तव,सुमित यादव,राजू यादव,रंजीत दुवे,आकाश खटीक,बलराम धाक?,नवनीत जैन,प्रदीप शर्मा, जयदीप शर्मा, दुर्गाप्रसाद शर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

फतेहपुर रोड पर शिवा मेडिकल पर बेचा जा रहा नशे का सामान परिजनों के हंगामा करने पर मेडिकल बंद कर भाग संचालक

शिवपुरी। खबर शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र की है। जहाँ फतेहपुर रोड पर शिवा मेडिकल पर नशे का कारोबार करने का आरोप लग रहा है,जहाँ परिजनों ने युवक को नशे का समान खरीदते हुए रंगे हाथों पक?ा जिसको लेकर 1घण्टे हंगामा चला,हंगामा देखते हुए मेडिकल बंद कर परिजन भाग गए यहाँ हम आपको बता देन की पूर्व में भी इस मेडिकल पर कार्यवाही हो चुकी है जिसमे मेडिकल संचालक को जेल की हवा भी खाना प?ी थी लेकिन तब भी शहर के मेडिकल वाले लगातार नशे के कारोबार में लिप्त है इस ओर न तो प्रशाशन का ध्यान है और न ही स्वास्थ विभाग का क्योकि यहाँ मौजूद आसपास के लोगो का आरोप है कि इन लोगो का महीना इनके पास लगातार समय पर पहुँच रहा है जिससे यहाँ कार्यवाही नहीं की जाती है युवक छोटू चौरसिया जो की ब?ा बाजार का निवासी है और अभिषेक बे?या निवासी रेड लाईट एरिया ने बताया कि वो पिछले एक साल से इसी दुकान से नशे का सामन खरीदते थे आज भी उन्होंने जिस इंजेक्शन को खरीदा है वो उन्हें 100 रुपये में मिला है।

झमाझम बारिश से उफने नदी-नाले, सड़क पर थमा आवागमन

राहगीर एक-दूसरे का हाथ पकड़कर सड़क करते रहे पार

भिण्ड। विगत दिनों से हो रही बारिश ने मेहगांव क्षेत्र से बहने वाले झमझम नदी का उफान पर आ गया है। नदी का पानी उफान पर आने से मेहगांव -मौ रोड़ पर पानी में डूब गए और रास्ता दिखना बंद हो गया। जिससे मेहगांव-मौ रोड जाम के हालात निर्मित हो गये और पूरे रास्ते पर ट्रक, बस और डम्फरों से जाम लग गया। जिला मुख्यालय से करीब 70 किलोमीटर दूर मौ कस्बा दोनों ओर से चौमासी नदियों से घिरा हुआ है। लहार की ओर जाने पर रूपावई गांव के पास बरवा नदी और मौ कस्बे के डाक बंगला के नजदीक झिलमिल नदी के रपटा पुल पर पानी आ गया। यह पानी रात से बढ़ने लगा। शुक्रवार की सुबह से तेज बहाव रहा। इन दोनों पुलों पर पांच-पांच फीट पानी चल रहा है। दोनों रपटा पुल पर पानी आने की वजह से मौ कस्बा दो ओर से घिर गया है। अब मौ कस्बे के लोगों को बेहट होते हुए ग्वालियर का रास्ता रह गया है। वहीं भिंड जिले के लहार, गोहद, मेंहगांव और भिंड का संपर्क टूट गया है। बारिश के कारण दो नदियों में पानी बढ़ जाने से चालीस से अधिक गांव का संपर्क टूट गया है। जोकि प्रशासनिक व्यवस्था से मौ कस्बे पर निर्भर हैं।

बसों का परिवहन रहा बंद

लहार, दबोह, सेंवढ़ा से ग्वालियर जाने वालों के लिए रास्ता पूरी तरह से बंद हो गया। क्यों कि इस ओर से आने वाली बसों और अन्य वाहनों को बरवा नदी के रपटा पुल पर से निकलना होगा। यह नदी पर पानी आने से बस सेवा ठप हो गई। वहीं, कुछ बसें अमायन के रास्ते होकर मेंहगांव पहुंची जहां से वे ग्वालियर जा सकी।

पुलों का अधूरा निर्माण

इन दोनों रपटा पुल पर पानी हर साल बारिश के सीजन में आजाता है। इसे देखते हुए एमपीआरडीसी द्वारा पिछले तीन साल से दोनों नदियों पर नए पुल निर्माण का काम कराया जा रहा है। इन दोनों नदियों पर निर्माणाधीन पुलों का 50 फीसदी भी काम पूरा नहीं हो सका है

मिहोना क्षेत्र में भी बारिश से आमजन का घरों से बाहर निकलना हुआ मुश्किल

शहर सहित जिले के अंचल में दिन रात हो रही मानसूनी बारिश से आमजन की बड़ी परेशानी किसी के घरों में भरा बारिश का पानी तो किसी का ढह गया आशियाना दिन रात हो रही मानसूनी बारिश से नगर हुआ जलमग्न जिसको लेकर नपा के सीएमओ डीपी शर्मा ने आज 30 जुलाई को भिंड रोड के मछंड मोड़ पर वार्ड नंबर 14 एवं वार्ड नंबर 6 के बीच में मेन रोड पर मुख्य नगरपालिका अधिकारी डीपी शर्मा ने नाला का पानी निकलवाने का किया प्रयास जेसीबी मशीन से साफ सफाई में जुटी नपा जब दिन व दिन हो रही बारिश के चलते आखिर कार जल निकासी की नगर परिषद को आई याद अगर मई माह में जल कलेक्टर सतीश कुमार एस ने 25 मई को जिले की सभी नपा को आदेशित किया था तभी अगर नपा यह साफ सफाई का कार्य करादेती तो आज लोगों के घरों में न भरता पानी घर से बाहर निकलने में आमजन को भारी परेशानी हो रही है।

संक्षिप्त समाचार

इटावा रोड ऑफीसर कॉलोनी के सामने गाड़ी में सवारी भरने के ऊपर विवाद

पुलिस ने दोनों की फरियाद पर दर्ज किया क्रॉस मामला

भिण्ड। शहर कोतवाली थाना क्षेत्र के इटावा रोड ऑफीसर कॉलोनी के सामने गाड़ी में सवारी भरने के ऊपर रंगदारी के चलते दो पक्षों ने एक दूसरे के साथ मारपीट कर गाली-गलौज किया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने दोनों की शिकायत पर आरोपीगणों के विरुद्ध क्रॉस मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार शुक्रवार सुबह 9.30 बजे प्रदीप पुत्र दर्शनसिंह यादव निवासी दीनपुरा ने बताया वह गाड़ी में सवारी भर रहा था, इसी दौरान गोविन्द्र नगर निवासी हरेन्द्र पुत्र सुभाषचन्द्र बाजपेयी ने उनके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी देकर चला गया। दूसरे पक्ष के फरियादी हरेन्द्र पुत्र सुभाष चन्द्र वाजपेयी निवनासी गोविन्द नगर ने बताया उसके साथ आरोपी प्रदीप पुत्र दर्शनसिंह यादव, सोनू पुत्र रामप्रकाश, पिंकू पुत्र प्रहलाद यादव निवासी दीनपुरा ने उनके साथ मारपीट कर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामले में क्रॉस कायमी कर ली है।

सब्जी मंडी में हारजीत का दाव लगाते हुए जुआरी गिरफ्तार

भिण्ड। दबोह थाना क्षेत्र के सब्जी मंडी में जुआरी हारजीत का दाव लगा रहे थे, मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर पुलिस ने तीन जुआरियों को दबोचकर हिरासत में लिया और उनके पास से एक ताश की गड्डी व नगदी जब्त की। पुलिस ने उक्त आरोपीगणों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार गुरुवार शाम 6.35 सचिन शर्मा, शिवम, प्रशांत परिहार निवासी दबोह जो क्षेत्र के सब्जी मंडी में हारजीत का दाव लगा रहे थे, मुखबिर की सूचना पर दबोचकर हिरासत में लिया और उनके पास से एक ताश की गड्डी व नगद 29 हजार रुपये जब्त किये। पुलिस ने जुआरियों के विरुद्ध जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

युवक के पर्स से निकाले चोरों ने रुपये

भिण्ड। सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के संतोषी माता मंदिर के पास से एक युवक जा रहा था, इसी दौरान चोरो ने उसके जेब से पर्स चुरा लिया, जिसमें लगभग 7 हजार रुपये थे, पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर संदेही नामजद चोरों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार रामकुमार पुत्र सरनाम कुशवाह निवासी सीता नगर बीटीआई रोड ने बताया गुरुवार दोपहर 2 बजे शहर के संतोषी माता मंदिर के पास चोरों ने उसका पर्स पार कर दिया, जिसमें 7 हजार रुपये नगदी थी। पुलिस ने संदेही नामजद चोर अतुल पुत्र धर्मेन्द्र कंजर निवासी करेल मैनपुरी उप्र, सौरभ पुत्र खेमराज जाटव निवासी जसवंत नगर इटावा के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

वर्षा ऋतु में रखें सावधानियां

सांप या जहरीले कीड़े के काटने पर तत्काल अस्पताल में उपचार कराने की सलाह

भिण्ड। जुलाई अगस्त बर्षा ऋतु के दिनों में सर्पदंश की घटनायें प्राया देखीं जातीं हैं। और समय पर उपचार न मिल पाने के कारण पीड़ित व्यक्ति की मृत्यु का खतरा होता है। यदि सर्पदंश के मरीज को तत्काल उपचार के लिये अस्पताल में भर्ती कराये जाने पर उसकी जान बचायी जा सकती है। कलेक्टर भिण्ड ने जिले की जनता से अपील की है कि सर्पदंश की घटना होने पर तत्काल निकटतम के अस्पताल में लाने का प्रयास करें। जिससे चिकित्सक के परामर्श अनुसार उचित उपचार मिल सके। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला-भिण्ड, डॉ. अजीत मिश्रा ने जानकारी देते हुये बताया कि जहरीले सांप के दांत के नीचे बिष की थैली होती है। सांप के काटने पर बिष की थैली से सीधे शरीर में खूंन के माध्यम से जहर फैलने लगता है। सांप के काटने पर करीब-करीब 95 प्रतिशत् ममालों में देखे गये लक्षणों में नींद का आना है, इसके साथ कुछ निगलने या सांस लेने तकलीफ जैसे लक्षण आमतौर देखे गये हैं। ऐसा होने पर सर्वप्रथम गीले कपड़े से डंक की जगह की चमड़ी को साफ करें। सांप के काटे व्यक्ति को करवट लेकर लिटाऐं और जहां सांप ने काटा है उस स्थान को हल्के कपड़े से बांध कर रखें। एवं प्रयास करें कि शीघ्र अति शीघ्र उस व्यक्ति को नजदीकी अस्पताल ले जाया जा सके। जहर को मारने के लिये अस्पताल में निःशुल्क एंटी स्नेक वैनम इंजेक्शन लगाया जाता है।

बीती रात की एक घंटे की तेज बारिश में ही मेहगांव नगर बना जल टापू

नगर के आधे घरों में भरा पानी

लोगों को घरों में खाना पानी बनाने का भी संकट

पूर्व विधायक हेमंत कटारे पहुंचे पीड़ितों के बीच जाना हाल-चाल

भिण्ड। पिछले तीन दिन से लगातार जारी बारिश से अब जनजीवन प्रभावित होने लगा है, रुक रुक के हो रही बारिश के चलते मेहंगाव क़स्बे में बाढ़ के हालात बन गए हैं, आसपास के क़रीब आठ किलोमीटर क्षेत्र से पानी मेहंगाव में भरता जा रहा है, लोगों के घरों में पानी भरा है, चाहे सरकारी दफ़्तर नगर परिषद कार्यालय हो या एसडीएम का बंगला हो या फिर स्वास्थ्य केंद्र पानी से लबालब है,दरअसल मेहगाँव नगर में जल निकासी का प्लान सालों बाद भी तैयार नही हो सका है, जिसकी नतीजा की जिले में रुक रुक कर हो रही तेज बारिश के चलते शुक्रवार सुबह से ही क्षेत्र में बाढ़ की स्थिति बन गयी है, नालों का गंदा पानी घरों में घुस रहा है, लोग अपनी गृहस्थी बचाने में लगे हैं, हर तरफ़ मची हाय-तौबा के बीच लोगों के घरों में रखा अनाज बह गया, सड़के तो लबालब हैं,ही साथी सरकारी दफ़्तरों में भी घुटनों तक पानी है, इस स्थिति से निपटने के लिए नगर परिषद प्रशासन भी पूरी तरह फेल नज़र आ रहा है, खुद सीएमओ यह बात स्वीकार कर हैं की मेहगाँव में हालत ख़राब हैं,और यह स्थायी निकासी की व्यवस्था की ज़रूरत है, हालाँकि लोगों को हो रही परेशानी से कुछ हद तक निजात दिलाने के लिए अस्पताल के सामने बीच नगर में कंक्रीट के बने स्टेट हाईवे की सड़क को तोड़ कर अस्थाई नाला बनाकर पानी की निकासी की व्यवस्था की जा रही है, लेकिन इस व्यवस्था से लोगों की परेशनियाँ और बढ़ सकती हैं, क्यूँकि हाईवे पर भारी वाहनों का आवागमन लगातार रहता है, ऐसे में खुदाई से कई किलो मीटर लम्बा जाम लगने की स्थिति बनेगी और लोगों को और भी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है, वही लोगों को हो रही परेशानी की खबर सुनकर पूर्व विधायक और विधानसभा में कांग्रेस के प्रत्याशी रहे हेमंत कटारे भी मेहगाँव पहुँचे और हालातों का जायज़ा लिया, उनका कहना है की प्रशासन को इसके सम्बन्ध में ठोस कदम और परमनेंट निराकरण करना क्योंकि हर साल बरसात के सीजन में आधे मेंहगांव नगर के यही हालात बनते हैं और लोगों को परेशानियों से दो चार होना पड़ता है लेकिन किसी भी जिम्मेदार अधिकारी ने इस ओर ध्यान नहीं दिया और बारिश के चलते लोगों को उन्हीं हालातों से एक बार फिर गुजरना पड़ रहा है। बारिश से पहले नगर परिषद पानी की निकासी की व्यवस्था दुरुस्त कर ली थी तो आज आधे मेहगांव को इस संकट से नहीं जूझना पड़ता।

विदाई समारोह आयोजित

विदाई समारोह आयोजित

यात्रा का हर चरण अपने आप में एक मंजिल होता है: अशोक कांकर

भिण्ड। शुक्रवार को अशोक कांकर कृषि विभाग में एसडीओ के पद से सेवानिवृत्त होने विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें साल श्रीफल एवं फूल माला पहनाकर उनका स्वागत किया गया।

इस अवसर पर सेवानिवृत्त हो रहे अशोक कांकर ने कहा कि सेवानिवृत्ति सार्वभौमिक सत्य है जिसे हम सभी को सामना करना पड़ता है, चाहे हम चाहें या नहीं , सब कुछ अंततः समाप्त होता है। जितना मैं इस दिन की ओर देखता हूं , मैं इस विदाई के दिन को नापसंद करता हूँ। लेकिन अंत अनिवार्य हैं आखिरकार पेड़ों की पत्तियां गिरती ही हैं। आपको किताब को बंद करना ही पड़ता है। इसलिए हमें अलविदा कहना चाहिए। आप सभी हमारा एक हिस्सा हैं। आपकी यादें हमेशा हमारे दिल में रहेंगी। गलतियों से मत डरना, डूबने और गिरने से भी मत डरना, क्योंकि ज्यादातर समय आपको उन चीजों से बचना है जो आपको डराती हैं। आपको आपकी कल्पना की तुलना से कई गुना अधिक मिलेगा। कौन जानता है कि आपको जीवन कहाँ ले जाएगा सड़क लंबी है और अंत में, यात्रा का हर चरण अपने आप में एक मंजिल होता है। जहां हम अपने कर्तव्यों को पूरा करते हुए पहुंचते हैं।

घटिया निर्माण के चलते दरकी बैसली नदी पर बने पुल की सड़क, जल्द होना था उद्घाटन

भिण्ड। सेतु निगम के अधिकारियों की लापरवाही और ठेकेदार द्वारा किए गए घटिया निर्माण के चलते गोहद में बैसली नदी पर बने पुल की सड़क आवागमन शुरु होने से पहले ही दरक गई। उद्घाटन से पूर्व ही उक्त सड़क के खराब होने के संबंध में जानकारी मिलने पर सेतु निगम अधिकारियों द्वारा इस मार्ग का पुनः निर्माण कराए जाने की बात कही जा रही है। ज्ञात हो कि मप्र सेतु निगम द्वारा अभी हाल ही में गोहद में बैसली नदी पर पुल निर्माण कराया गया है। लगभग डेढ़ करोड़ की लागत से बनाए गए पुल पर अभी आवागमन शुरु भी नही हुआ था कि दो रोज की बरसात में ही इसके निर्माण की कलई खुल गई। पुल पर बनी सड़क बरसात का पानी नही झेल पाई और कई स्थानों पर घटिया निर्माण के कारण दरक गई है, जो करोड़ों रुपए के कार्य में लापरवाही और घटिया निर्माण किए जाने की गवाही दे रही है। पहली बारिश में ही जर्जर हुए इस पुल के निर्माण की मॉनीटरिंग कर रहे इंजीनियर की कार्यकुशलता पर सवालों के घेरे में आ गई है। ऐसे में सेतु निगम के जिम्मेदार अधिकारी इसके गारंटी पीरियड में होने का हवाला देते हुए निर्माण ऐजेंसी से दुरुस्त कराए जाने की बात कह रहे हैं। खास बात यह है कि 6 माह पहले ही बने इस नवीन पुल का अभी विभागीय स्तर पर उद्घाटन भी नही हुआ था कि इससे पहले ही खराब हुई सड़क इसकी गुणवत्ता की गवाही दे रही है। इसके लिए दोषी इंजीनियर और निर्माण कंपनी पर कार्रवाई करने के बजाए विभागीय अधिकारी लीपापोती करने की बात कह रहे हैं।

बैसली नदी पर गोहद में बनाया गया सेतु निगम का यह पुल डेढ़ करोड़ की लागत से बना है। अभी यह गारंटी पीरियड में चल रहा है, जिसके खराब होने पर संबंधित निर्माण ऐजेंसी को नोटिस दिया जाऐगा। ऐसे में उसे दुरुस्त कराए जाने का कार्य जल्द शुरु होगा।

मोहर सिंह जादौन, कार्यपालन यंत्री सेतु निगम

किशोरी को बहला-फुसलाकर ले गया अज्ञात

भिण्ड। शहर कोतवाली थाना क्षेत्र के नलकूप वाली गली अटेर रोड निवासी 15 वर्षीय किशोरी विगत 11-10 जुलाई की दरम्यानी रात से अचानक गायब हो गई, जिसकी परिजनों ने काफी तलाश की फिर भी उसका पता नहीं चला तो थाने पहुंचकर अज्ञात के विरुद्ध बहला-फुसलाकर ले जाने की शिकायत दर्ज करायी है। पुलिस के अनुसार 15 वर्षीय किशोरी 11-10 जुलाई की रात से गायब हो गई, तब से लेकर अब तक घर नहीं पहुंची तो परिजनों ने थाने पहुंचकर अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करायी है। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है।

चोरों ने नगदी सहित सोने चांदी के जेवरात किए पार

पड़ोसी पर संदेह

भिण्ड। मेंहगांव क्षेत्र के अंतर्गत जवाहर कॉलोनी में गुरूवार-शुक्रवार की दरम्यानी रात में अज्ञात चोरों ने धावा बोल दिया। चोर छत के रास्ते होते हुए कमरे में दाखिल हुए जहां से चोरों ने सोने चांदी के जेवरात सहित नगदी चोरी कर ले गए। जिस समय चोर आया उस समय परिवार के सभी सदस्य गहरी नींद में सो रहे थे। यह घटना की जानकारी पर पुलिस ने पड़ताल शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार मेहगांव के जवाहर कॉलोनी निवासी मनीष रावत पुत्र ओमकार ने पुलिस थाने आकर शिकायत दर्ज कराई की उनके घर रात के समय चोर घुसा और उसने सोने चांदी के जेवर समेत नकदी ले गया। चोर ने वारदात को बुधवार-गुरुवार की रात को अंजाम दिया। रात के समय बारिश हो रही थी। मनीष और उसकी पत्नी छत पर बने एक कमरे में जाकर सो गए। परिवार के दूसरे सदस्य भी अपने-अपने कमरे में सो गए। रात 2 बजे के आस पास अज्ञात चोर, घर के पीछे दीवार के सहारे रखी ईंट से चढ़ा और छत के रास्ते आया। चोर, उस कमरे में पहुंचा जहां मनीष की अलमारी रखी थी। चोर ने दूसरी अलमारी में रखे पेंट कोर्ट की जेब से अमलारी की चाबी उठाई और वारदात को अंजाम दिया। इस दौरान चोर, मनीष व उसकी पत्नी को शादी में मिली सोने की आठ अंगूठी ले गया। इसके अलावा सोने और चांदी के अन्य जेवर व नकदी ले गया। चोरी गए माल की कीमत पुलिस ने 2 लाख 50 हजार आंकी है।

पड़ोसी पर संदेह

इस चोरी की वारदात में पुलिस को मनीष के पड़ोस में रहने वाले युवक पर संदेह है। पुलिस का मानना है कि चोरी की जिस तरीके से अंजाम दिया गया है उससे यह बात सिद्ध होती है कि चोर को घर के हर सदस्य और हर कमरे की जानकारी भलीभांति है। पुलिस ने फरियादी के पड़ोस में रहने वाले एक नशेड़ी युवक को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है।

मंहगाई के खिलाफ आप पार्टी ने चलाया हस्ताक्षर अभियान, राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

भिण्ड। प्रदेश में बढ़ती मंहगाई के विरोध में बीते 15 दिनों से आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा जिले में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। जिसमें आम जानता से बढ़ती महगांई को लेकर हस्ताक्षर कराए गए। शुक्रवार के रोज आप कार्यकर्ताओं द्वारा इस अभियान के बाद कलेक्टर को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा।

इस संबंध में जानकारी देते हुए शहर अध्यक्ष राजेश शाक्य ने बताया कि देश और प्रदेश में दिनों दिन मंहगाई बढ़ती जा रही है। ऐसे में आम जनता की जीना मुश्किल हो गया है। रोजमार्रा की जरुरत की चीजें मंहगी होने से गरीब की हालत खराब होती जा रही है, जबकि प्रदशे और देश की भाजपा सरकार के हुक्मरान देश के विकसित होने का दावा कर रहे हैं। उन्होने कहा कि जब देश में प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री अपनी जनता के दुख दर्द को नही समझ रहे है, उनके संकट को कम करने के प्रयास न करते हुए मंहगाई बढ़ाने में लगे हैं तो राष्ट्र कैसे विकास करेगा। शुक्रवार को बढ़ती मंहगाई के विरोध में आप कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस को राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें मंहगे होते डीजल-पेट्रोल, रसोई गैस की बढ़ती की कीमतों को नियंत्रित करने की मांग की गई। ज्ञापन सौंपने के अवसर पर जिलाध्यक्ष डॉ उमाशंकर मिश्रा, इंजी. साकेत सक्सेना, जिला सचिव धीरज गुप्ता, शहर उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार, बृजेंद्र भदौरिया, कृपाराम शाक्य, राजकुमार राजावत, नवीन श्रीवास्तव, संजय सोनी, सौरभ रावत, रोहित रावत, पूरन रावत, जितेंद्र प्रजापति, आबिद अली, मोहम्मद जावेद, राकेश आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

घूरा डालने के विवाद को लेकर गोली मारने वाले आरोपीगण को आजीवन कारावास

भिण्ड। घूरा डालने के विवाद पर दर्ज प्रकरण पर शुक्रवार को न्यायालय भिण्ड ने आजीवन की सजा सुनाई है। जनसंपर्क अधिकारी इंद्रेश कुमार प्रधान द्वारा बताया गया कि फरियादी देवेन्द्र अटल ने ट्रोमा सेन्टर भिण्ड में 22 अक्टूबर 2017 को रिपोर्ट दर्ज की गई कि फरियादी परिमाल सिंह व संजू अपने घर तरफ जा रहें थें तभी बंटी के घर के सामने से निकले तो घूरे डालने की रंजिश से धर्मेन्द्र, बंटी व रिंकू ने घेर लिया, मां बहन की गालियां देने लगे। गालियां देने से मना किया तो धर्मेन्द्र ने 315 बोर के कट्टे से जान से मारने की नियत से गोली चलाई जो परिमाल के सीने में लगी। बंटी ने सरिया मारा जो उसके माथे में लगा। रिंकू ने अधिया से फायर किया और संजू को पटककर लात घूसों से मारपीट की। मौके पर मेहरबान एवं राजेन्द्र आ गए जिन्होने घटना देखी। जगमोहन व संजू उसे और परिमाल को भिण्ड अस्पताल लाए इलाज के दौरान परिमाल की मौत हो गई। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना देहात में आरोपीगण के विरूद्व अपराध पंजीबद्व कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान पुलिस द्वारा आवश्यक साक्ष्य का संकलन कर अभियोग पत्र सक्षम न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। अपर सत्र न्यायालय द्वारा अभियुक्तगण धर्मेन्द्र, बंटी उर्फ बृजेश, रिंकू जाटव के विरूद्व अपराध किया जाना पाया गया जिस पर आजीवन कारावास एवं 7000-7000 रूपये के अर्थदण्ड से दंडित किया गया।

बच्चों की वैक्सीन

बच्चों के टीकाकरण को लेकर पिछले कुछ दिनों में कई तरह की खबरें आईं। कहा गया कि सितंबर माह से बच्चों को टीका लगना शुरू हो जाएगा। मगर स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने अगस्त माह से ही बच्चों को टीका लगाने की बात कही है। अगर यह सही है तो इसे उत्साहवर्द्धक तो माना जाना चाहिए। कोरोना की तीसरी लहर सिर पर है, विशेषज्ञ लाख कहें कि बच्चों को इससे फर्क नहीं पड़ेगा, पर बीमारी का जो स्वरूप है, उसने माता-पिता की चिंता बढ़ा रखी है। पूरी दुनिया यह मान चुकी है कि कोरोना से सिर्फ वैक्सीन ही बचा सकती है, दूसरे देशों में तो बच्चों को टीका लगना शुरू भी हो चुका है। सिर्फ भारत ही अब तक पीछे था। स्वास्थ्य मंत्री अब कह रहे हैं कि अगस्त माह में बच्चों का टीका मिल जाएगा तो इसे सकारात्मक ही लेना होगा। बच्चों के टीके को लेकर व्यापक स्तर पर सावधानी की जरूरत भी होगी। जाहिर है केंद्र सरकार इस पैमाने पर ध्यान दे रही होगी। कोरोना के दैनिक आंकड़े कम होने के बाद एक बार फिर बढने लगे हैं। खुद स्वास्थ्य मंत्रालय लोगों को चेतावनी दे रहा है। सरकार बराबर कह रही है कि पाबंदियां हटने का मतलब कोरोना खत्म नहीं माना जाए। पाबंदियां खत्म होने का यह मतलब बिल्कुल नहीं लगाना चाहिए कि अब कोई खतरा नहीं रह गया है। बल्कि तीसरी लहर कब दस्तक दे दे, कोई नहीं जानता। वैसे इसका अनुमान अगस्त से अक्टूबर के बीच का है। इसे देखते हुए खतरा अब ज्यादा बड़ा है। अगर लोगों की भीड़ अचानक बढने लगी तो फिर से कहीं नया जोखिम न खड़ा हो जाए। दरअसल आशंकाओं के पीछे कई कारण हैं। दुनिया के कई शहरों में देखा जा चुका है कि पाबंदियां हटाने के बाद लोग एकदम से निकल पड़े और फिर अगली लहर ने हमला बोल दिया। ब्रिटेन सबसे बड़ा उदाहरण है। कई महीनों के लॉकडाउन के बाद ब्रिटेन में लगने लगा था कि संक्रमण की लहर कमजोर पड़ चुकी है। इसलिए पाबंदियां पूरी तरह से हटा ली गई थीं। मेट्रो, बसें पहले की तरह ही शुरू कर दी गईं। इससे भीड़ बढ़ती गई। इसका नतीजा यह हुआ कि कोरोना का नया रूप सामने आ गया और तेजी से फैल गया। न सिर्फ ब्रिटेन में बल्कि वहां से दुनिया के कई देशों में पहुंच गया। ब्रिटेन के इस सबक को हमें भूलना नहीं चाहिए। भारत में चौथा सीरो सर्वे एक बात और बता रहा है। वह यह कि हमारे यहां अभी भी 40 करोड़ लोगों में प्रतिरोधी क्षमता विकसित नहीं हुई है। इन लोगों को संक्रमण का खतरा काफी ज्यादा है। 40 करोड़ की आबादी कम नहीं होती। फिर विषाणु के नए-नए रूप जिस तेजी से मिल रहे हैं, वह और बड़ा खतरा है। इसलिए इस वक्त सबसे बड़ी चुनौती कैसे भी करके लोगों को संक्रमण से बचाने की है। कामधंधों के मद्देनजर बेशक पाबंदियां हटाना जरूरी है। स्कूल खुलना भी जरूरी है। लोग महामारी की मानसिक पीड़ा भी भुगत चुके हैं। पर साथ ही जो बात सबसे ज्यादा चिंता पैदा करती है, वह लोगों के लापरवाह बर्ताव को लेकर है। बाहर निकलते समय मास्क नहीं लगाना गंभीर समस्या बनता जा रहा है। ऐसे में घरों में बैठे बच्चों को सबसे ज्यादा खतरा है। लोग दिनभर लापरवाही से बाहर घूमकर घरों में जाते हैं तो संक्रमण साथ ले जाते हैं। 18 साल से ऊपर के लोगों को तो वैक्सीन गंभीर संक्रमण से बचा लेगी, मगर जो बच्चे बिना वैक्सीन के घरों में हैं, उन पर संकट तो बढ़ेगा ही। कहने को पुलिस मास्क नहीं पहनने वालों पर जुमार्ना भी लगाती है। फिर भी लोग बेपरवाह हैं। जहां तक टीकाकरण का सवाल है तो भारत की स्थिति किसी से छिपी नहीं है। टीकाकरण का आंकड़ा भले चवालीस करोड़ पहुंच रहा हो, लेकिन हकीकत यह है कि देश में दस फीसद वयस्कों को भी टीके की दोनों खुराकें नहीं लगी हैं। एक खुराक लेने वाले वयस्कों का आंकड़ा अभी भी कुल आबादी का सिर्फ एक तिहाई ही है। ज्यादातर राज्यों में टीकाकरण सुस्त पड़ा है। राजधानी दिल्ली में ही इन दिनों कोविशील्ड टीके की पहली खुराक देने का काम बंद है। ऐसे में रास्ता एक ही है और वह यह कि हम खुद ही अपना बचाव करें।

31 जुलाई जन्म दिवस पर उपन्यास सम्राट प्रेमचंद

डॉक्टर अरविन्द प्रेमचंद जैन

प्रेमचंद (31 जुलाई 1880 - 8 अक्टूबर 1936) हिन्दी और उर्दू के महानतम भारतीय लेखकों में से एक थे । मूल नाम धनपत राय श्रीवास्तव, प्रेमचंद को नवाब राय और मुंशी प्रेमचंद के नाम से भी जाना जाता है। उपन्यास के क्षेत्र में उनके योगदान को देखकर बंगाल के विख्यात उपन्यासकार शरतचंद्र चट्टोपाध्याय ने उन्हें उपन्यास सम्राट कहकर संबोधित किया था। प्रेमचंद ने हिन्दी कहानी और उपन्यास की एक ऐसी परंपरा का विकास किया जिसने पूरी सदी के साहित्य का मार्गदर्शन किया। आगामी एक पूरी पीढ़ी को गहराई तक प्रभावित कर प्रेमचंद ने साहित्य की यथार्थवादी परंपरा की नींव रखी। उनका लेखन हिन्दी साहित्य की एक ऐसी विरासत है जिसके बिना हिन्दी के विकास का अध्ययन अधूरा होगा। वे एक संवेदनशील लेखक, सचेत नागरिक, कुशल वक्ता तथा सुधी (विद्वान) संपादक थे। बीसवीं शती के पूर्वार्द्ध में, जब हिन्दी में तकनीकी सुविधाओं का अभाव था,उनका योगदान अतुलनीय है। प्रेमचंद के बाद जिन लोगों ने साहित्य को सामाजिक सरोकारों और प्रगतिशील मूल्यों के साथ आगे बढ़ाने का काम किया, उनमें यशपाल से लेकर मुक्तिबोध तक शामिल हैं। उनके पुत्र हिन्दी के प्रसिद्ध साहित्यकार अमृतराय हैं जिन्होंने इन्हें कलम का सिपाही नाम दिया था।

प्रेमचंद का जन्म 31 जुलाई 1880 को वाराणसी के निकट लमही गाँव में हुआ था। उनकी माता का नाम आनन्दी देवी था तथा पिता मुंशी अजायबराय लमही में डाकमुंशी थे। उनकी शिक्षा का आरंभ उर्दू, फारसी से हुआ और जीवनयापन का अध्यापन से पढ़ने का शौक उन्हें बचपन से ही लग गया। 13 साल की उम्र में ही उन्होंने तिलिस्म-ए-होशरुबा पढ़ लिया और उन्होंने उर्दू के मशहूर रचनाकार रतननाथ %शरसार%, मिर्ज़ा हादी रुस्वा और मौलाना शरर के उपन्यासों से परिचय प्राप्त कर लिया[6]। 1898 में मैट्रिक की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद वे एक स्थानीय विद्यालय में शिक्षक नियुक्त हो गए। नौकरी के साथ ही उन्होंने पढ़ाई जारी रखी।1910 में उन्होंने अंग्रेजी, दर्शन, फारसी और इतिहास लेकर इंटर पास किया और 1919 में बी.ए. पास करने के बाद शिक्षा विभाग के इंस्पेक्टर पद पर नियुक्त हुए।

सात वर्ष की अवस्था में उनकी माता तथा चौदह वर्ष की अवस्था में पिता का देहान्त हो जाने के कारण उनका प्रारंभिक जीवन संघर्षमय रहा। उनका पहला विवाह उन दिनों की परंपरा के अनुसार पंद्रह साल की उम्र में हुआ जो सफल नहीं रहा। वे आर्य समाज से प्रभावित रहे जो उस समय का बहुत बड़ा धार्मिक और सामाजिक आंदोलन था। उन्होंने विधवा-विवाह का समर्थन किया और 1906 में दूसरा विवाह अपनी प्रगतिशील परंपरा के अनुरूप बाल-विधवा शिवरानी देवी से किया। उनकी तीन संताने हुईं- श्रीपत राय, अमृत राय और कमला देवी श्रीवास्तव। 1910 में उनकी रचना सोजे-वतन (राष्ट्र का विलाप) के लिए हमीरपुर के जिला कलेक्टर ने तलब किया और उन पर जनता को भड़काने का आरोप लगाया। सोजे-वतन की सभी प्रतियाँ जब्त कर नष्ट कर दी गईं। कलेक्टर ने नवाबराय को हिदायत दी कि अब वे कुछ भी नहीं लिखेंगे, यदि लिखा तो जेल भेज दिया जाएगा। इस समय तक प्रेमचंद, धनपत राय नाम से लिखते थे। उर्दू में प्रकाशित होने वाली ज़माना पत्रिका के सम्पादक और उनके अजीज दोस्त मुंशी दयानारायण निगम ने उन्हें प्रेमचंद नाम से लिखने की सलाह दी। इसके बाद वे प्रेमचन्द के नाम से लिखने लगे। उन्होंने आरंभिक लेखन ज़माना पत्रिका में ही किया। जीवन के अंतिम दिनों में वे गंभीर रूप से बीमार पड़े। उनका उपन्यास मंगलसूत्र पूरा नहीं हो सका और लम्बी बीमारी के बाद 8 अक्टूबर 1936 को उनका निधन हो गया। उनका अंतिम उपन्यास मंगल सूत्र उनके पुत्र अमृत ने पूरा किया।

प्रेमचंद आधुनिक हिन्दी कहानी के पितामह और उपन्यास सम्राट माने जाते हैं। यों तो उनके साहित्यिक जीवन का आरंभ 1901 से हो चुका था पर उनकी पहली हिन्दी कहानी सरस्वती पत्रिका के दिसम्बर अंक में 1915 में सौत नाम से प्रकाशित हुई और 1936 में अंतिम कहानी कफन नाम से प्रकाशित हुई। बीस वर्षों की इस अवधि में उनकी कहानियों के अनेक रंग देखने को मिलते हैं।[उनसे पहले हिंदी में काल्पनिक, एय्यारी और पौराणिक धार्मिक रचनाएं ही की जाती थी। प्रेमचंद ने हिंदी में यथार्थवाद की शुरूआत की। ÷ भारतीय साहित्य का बहुत सा विमर्श जो बाद में प्रमुखता से उभरा चाहे वह दलित साहित्य हो या नारी साहित्य उसकी जड़ें कहीं गहरे प्रेमचंद के साहित्य में दिखाई देती हैं।÷ प्रेमचंद के लेख %पहली रचना% के अनुसार उनकी पहली रचना अपने मामा पर लिखा व्यंग्य थी, जो अब अनुपलब्ध है। उनका पहला उपलब्ध लेखन उनका उर्दू उपन्यास %असरारे मआबिद% है। प्रेमचंद का दूसरा उपन्यास %हमखुर्मा व हमसवाब% जिसका हिंदी रूपांतरण %प्रेमा% नाम से 1907 में प्रकाशित हुआ। इसके बाद प्रेमचंद का पहला कहानी संग्रह सोज़े-वतन नाम से आया जो 1908 में प्रकाशित हुआ। सोजे-वतन यानी देश का दर्द। देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत होने के कारण इस पर अंग्रेज़ी सरकार ने रोक लगा दी और इसके लेखक को भविष्य में इस तरह का लेखन न करने की चेतावनी दी। इसके कारण उन्हें नाम बदलकर लिखना पड़ा। %प्रेमचंद% नाम से उनकी पहली कहानी बड़े घर की बेटी ज़माना पत्रिका के दिसम्बर 1910 के अंक में प्रकाशित हुई। मरणोपरांत उनकी कहानियाँ मानसरोवर नाम से 8 खंडों में प्रकाशित हुई। कथा सम्राट प्रेमचन्द का कहना था कि साहित्यकार देशभक्ति और राजनीति के पीछे चलने वाली सच्चाई नहीं बल्कि उसके आगे मशाल दिखाती हुई चलने वाली सच्चाई है। यह बात उनके साहित्य में उजागर हुई है। 1921 में उन्होंने महात्मा गांधी के आह्वान पर अपनी नौकरी छोड़ दी। कुछ महीने मर्यादा पत्रिका का संपादन भार संभाला, छह साल तक माधुरी नामक पत्रिका का संपादन किया, 1930 में बनारस से अपना मासिक पत्र हंस शुरू किया और 1932 के आरंभ में जागरण नामक एक साप्ताहिक और निकाला। उन्होंने लखनऊ में 1936 में अखिल भारतीय प्रगतिशील लेखक संघ के सम्मेलन की अध्यक्षता की। उन्होंने मोहन दयाराम भवनानी की अजंता सिनेटोन कंपनी में कहानी-लेखक की नौकरी भी की। 1934 में प्रदर्शित मजदूर नामक फिल्म की कथा लिखी और कंट्रेक्ट की साल भर की अवधि पूरी किये बिना ही दो महीने का वेतन छोड़कर बनारस भाग आये क्योंकि बंबई (आधुनिक मुंबई) का और उससे भी ज़्यादा वहाँ की फिल्मी दुनिया का हवा-पानी उन्हें रास नहीं आया। उन्होंने मूल रूप से हिंदी में 1915 से कहानियां लिखना और 1918 (सेवासदन) से उपन्यास लिखना शुरू किया। प्रेमचंद ने कुल करीब तीन सौ कहानियाँ, लगभग एक दर्जन उपन्यास और कई लेख लिखे। उन्होंने कुछ नाटक भी लिखे और कुछ अनुवाद कार्य भी किया। प्रेमचंद के कई साहित्यिक कृतियों का अंग्रेज़ी, रूसी, जर्मन सहित अनेक भाषाओं में अनुवाद हुआ। गोदान उनकी कालजयी रचना है। कफन उनकी अंतिम कहानी मानी जाती है। उन्होंने हिंदी और उर्दू में पूरे अधिकार से लिखा। उनकी अधिकांश रचनाएं मूल रूप से उर्दू में लिखी गई हैं लेकिन उनका प्रकाशन हिंदी में पहले हुआ। तैंतीस वर्षों के रचनात्मक जीवन में वे साहित्य की ऐसी विरासत सौंप गए जो गुणों की दृष्टि से अमूल्य है और आकार की दृष्टि से असीमीत।

कृतियाँ

प्रेमचन्द की रचना-दृष्टि विभिन्न साहित्य रूपों में प्रवृत्त हुई। बहुमुखी प्रतिभा संपन्न प्रेमचंद ने उपन्यास, कहानी, नाटक, समीक्षा, लेख, सम्पादकीय, संस्मरण आदि अनेक विधाओं में साहित्य की सृष्टि की। प्रमुखतया उनकी ख्याति कथाकार के तौर पर हुई और अपने जीवन काल में ही वे 'उपन्यास सम्राट' की उपाधि से सम्मानित हुए। उन्होंने कुल 15 उपन्यास, 300 से कुछ अधिक कहानियाँ, 3 नाटक, 10 अनुवाद, 7 बाल-पुस्तकें तथा हजारों पृष्ठों के लेख, सम्पादकीय, भाषण, भूमिका, पत्र आदि की रचना की लेकिन जो यश और प्रतिष्ठा उन्हें उपन्यास और कहानियों से प्राप्त हुई, वह अन्य विधाओं से प्राप्त न हो सकी। यह स्थिति हिन्दी और उर्दू भाषा दोनों में समान रूप से दिखायी देती है। इनकी अधिकतर कहानियोँ में निम्न व मध्यम वर्ग का चित्रण है।

समाज का दर्पण है प्रेमचंद का साहित्य

डॉ. वंदना सेन

महान साहित्यकार मुंशी प्रेमचंद का साहित्य कालजयी है। समाज की जटिलताओं को कहानी और उपन्यासों के माध्यम से जिस प्रकार से प्रस्तुत किया है, उसके बारे में निश्चित रूप से कहा जा सकता है कि वे आज भी समसामयिक लगती हैं। कहा जाता है कि साहित्य वही है जो हमेशा प्रासंगिक बना रहे। प्रेमचंद जी ने समाज आधारित साहित्य की रचना की। जो आज भी नवोदित साहित्यकारों के लिए एक सार्थक दिशा का बोध कराता है। वास्तव में प्रेमचंद की रचनाएं समाज का दर्पण हैं। प्रेमचंद जी साहित्यकारों के उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए लिखते हैं कि साहित्यकार का काम केवल पाठकों का मन बहलाना नहीं है। यह तो भाटों और मदारियों, विदूषकों और मसखरों का ही काम है। साहित्यकार का पद इससे कहीं ऊंचा है, वह हमारा पथ प्रदर्शक होता है। वह हमारे मनुष्यत्व को जगाता है। हमारे सद्भावों का संचार करता है। हमारी दृष्टि को फैलाता है।

प्रेमचंद ने केवल मनोरंजन के लिए साहित्य रचना नहीं की, बल्कि अपनी रचनाओं के द्वारा समाज को नयी रूपरेखा, नये आदर्शों मे ढालने का प्रयास किया। उनके सृजन कर्म का उद्देश्य साहित्य के द्वारा समाज में प्रेम और भाईचारे का संदेश देने और एक ऐसे शोषण विहीन सामज की रचना करना था, जिसका आधार स्वतंत्रता हो। प्रेमचंद अपने साहित्य रचना के माध्यम से इस उद्देश्य में सफल रहे हैं।

उपन्यास सम्राट प्रेमचंद्र का जन्म 31 जुलाई 1880 को उत्तरप्रदेश के वाराणसी शहर से चार मील दूर लमही नामक गांव में हुआ था। इनके पिता का नाम अजायब राय और माता का नाम आनंदी देवी था। प्रेमचंद ने साहित्य की अनेक विधाओं पर अपनी लेखनी चलायी। उपन्यास के क्षेत्र में उनके योगदान को देखकर प्रसिद्ध बांग्ला उपन्यासकार शरतचंद्र चट्टोपाध्याय ने इन्हें उपन्यास का सम्राट कहकर संबोधित किया। प्रेमचंद ने नाटक, उपन्सास, कहानी, समीक्षा, लेख, संस्मरण संपादकीय आदि विधाओं में साहित्य का सृजन किया, पर उन्हें ख्याति कथाकार के रूप में प्राप्त हुई। अपने जीवनकाल में ही वे उपन्यास सम्राट की उपाधि से भी सम्मानित हुए। प्रेमचंद्र ने सन् 1936 में प्रगतिशील लेखक संघ के पहले सभापति के रूप में संबोधन किया। उनका यही भाषण प्रगतिशील आंदोलन के घोषणापत्र का आधार बना। प्रेमचंद की भाषा हिंदी उर्दू मिश्रित थी। अलंकारों और मुहावरों ने उन्हें सजीवता प्रदान की। इनकी भाषा के कारण इनकी रचना के सभी पात्र व चरित्र हमारे समक्ष सजीव हो उठते हैं। यही इनकी भाषा की सबसे बड़ी ताकत है। इनकी भाषा सहज सरल एवं बोधगम्य है। साहित्य एक विराट उद्देश्य को लेकर चलने वाली विधा है और उसमें मनुष्य के सामाजिक जीवन को अधिक सूक्ष्मता एवं विस्तार से जांचा परखा जाता है। उपन्यास साहित्य की सशक्त एवं प्रवाहमय धारा है। मनुष्य चरित्र के अनेकानेक चित्र प्रस्तुत करने के लिए सबसे अधिक विकल्प उपन्यासकार के पास ही होते हैं।

प्रेमचंद्र के उपन्यास व्यष्टि और समष्टि की सटीक व्याख्या करते हैं। उसमें मनुष्यों की सैद्धांतिक जटिलताओं और प्रपंचों से मुक्ति पाने का संदेश दिया गया। उनके उपन्यास सहजता व सरलता का प्रसार करते हैं। प्रेमचंद्र के उपन्यासों की रचना उस दौर में हुई, जब भारत सरकार में अंग्रेजी राज और उसके अत्याचार चरम पर थे। उनके उपन्यास में तत्कालीन घटनाएं सजीवता के साथ चित्रित की गयी हैं। प्रेमचंद ने अपने समय में साहित्य और समाज के बीच एक मजबूत सेतु की भूमिका निभायी, जिससे आम आदमी के मन में भी साहित्य के लिए भरोसा पैदा हुआ। प्रेमचंद ने अपना साहित्य मानव जीवन के उत्थान को ध्यान में रखते हुए लिखा।

लोक संस्कृति के ऐतिहासिक संदर्भों एवं परम्पराओं को ध्यान में रखते हुए प्रेमचंद्र ने ग्रामीण जीवन की अनेक प्रवृतियां, सादगी और उनके जीवन दर्शन को अपने उपन्यास में अभिव्यक्त किया है। प्रेमचंद ने अपने उपन्यास गोदान में देश के किसानों के जीवन और उनके संघर्ष को मार्मिक संवेदनाओं के साथ चित्रित किया है।

काबुल में चीन-अमेरिकी प्रतिस्पर्धा

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

भारत की दृष्टि से इधर दो विदेश-यात्राएं ध्यान देने लायक हुई हैं। पहली अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन की दिल्ली यात्रा और दूसरी तालिबान के नेता मुल्ला अब्दुल गनी बरादर की चीन-यात्रा! इन दोनों यात्राओं का उद्देश्य एक ही है। अपने-अपने हितों के लिए दूसरे राष्ट्रों को पटाना। ब्लिंकन भारत इसीलिए आए हैं कि अफगानिस्तान में वे अपनी जगह भारत को फंसाना चाहते हैं। भारत किसी भी हालत में अपनी सेनाएं काबुल नहीं भेजेगा लेकिन वह अशरफ गनी सरकार की सैनिक साज-सामान से मदद करता रह सकता है। वह अफगानों को सैनिक प्रशिक्षण देता रहा है और देता रहेगा लेकिन असली सवाल यह है कि इस वक्त ब्लिंकन भारत क्यों आए हैं ? यह ठीक है कि तालिबान से दोहा में चल रही बातचीत में भारत को दर्शक की तरह शामिल कर लिया गया था लेकिन अमेरिका ने भारत सरकार से यह क्यों नहीं कहा कि वह तालिबान से सीधे बातचीत करे और अफगान सरकार और तालिबान का झगड़ा सुलझाए? यदि ऐसी कोशिश अमेरिका, रूस, चीन, तुर्की, पाकिस्तान और ईरान कर सकते हैं तो भारत क्यों नहीं कर सकता है? भारत को हाशिए में रखकर उसे अपने राष्ट्रहित के लिए इस्तेमाल करने की अमेरिकी नीति से भारत सरकार सावधान जरुर है लेकिन अफगान-मामले में उसका दब्बूपना समझ के बाहर है। हमारे विदेश मंत्री जयशंकर ने ब्लिंकन द्वारा उठाए गए भारत के लोकतांत्रिक मामलों का उचित कूटनीतिक भाषा में जवाब दिया है और ब्लिंकन ने भी अपने रवैए में ज़रा नरमी दिखाई है लेकिन उन्होंने इस यात्रा के दौरान चीन पर जमकर निशाना साधा है। दलाई लामा के प्रतिनिधि से मिलना भी इसका स्पष्ट संकेत है। चीन ने भी उसके लोकतंत्र के बारे में ब्लिंकन की टिप्पणी को आड़े हाथों लिया है। अफगानिस्तान का मामला अब अमेरिका और चीन की प्रतिस्पर्धा का मामला बनता जा रहा है। मुल्ला बरादर की चीन-यात्रा से ही शायद खफा होकर ब्लिंकन ने कह दिया कि यदि तालिबान हिंसा फैलाकर काबुल पर कब्जा कर लेंगे तो अफगानिस्तान दुनिया का अस्पृश्य राष्ट्र बन जाएगा। इस बात से भारत की सरकार को भी थोड़ा मरहम लगेगा लेकिन मुल्ला बरादर ने चीनी विदेश मंत्री वांग यी से मिलने के बाद चीनी मदद के लिए तहे-दिल से आभार माना है और चीन के उइगर मुसलमानों के आंदोलन से तालिबान को अलग कर लिया है। उसने काबुल के पास आयनक नामक 60 लाख टन तांबे की खदान में 3 बिलियन डॉलर लगाने का वादा किया है।

उसका रेशम महापथ तो अफगानिस्तान से गुजरेगा ही। वह नए अफगानिस्तान को बनाने में भारत को भी पीछे छोड़ देगा। जाहिर है कि अब तक के भारतीय महान योगदान पर चीन पानी फेरने की पूरी कोशिश करेगा। भारत को देखना है कि अफगानिस्तान में चलनेवाली चीन-अमेरिकी प्रतिस्पर्धा में वह कहां खड़ा रह पाएगा?

दोनों प्रकार का धन एक साथ नहीं मिल सकता

संसार में दो प्रकार का धन होता है भौतिक धन और दूसरा आध्यात्मिक धन। मनुष्य का स्वभाव है कि वह ज्यादा से ज्यादा धन कमाने की चाहत रखता है। कोई व्यक्ति सोना, चांदी, रूपये पैसे का अंबार लगाकर धनवान कहलाता है तो कोई भूखा, प्यासा रहकर भी धनवान कहलता है। वास्तव में धनवान दोनों हैं। एक भौतिक धन का धनी है तो दूसरा अध्यात्मिक धन का धनी है। शाप और पुराण कहते हैं कि दोनों धनों में से अध्यात्म रूपी धन ज्यादा श्रेष्ठ है क्योंकि इसे कोई छीन नहीं सकता। इसे कोई चुरा भी नहीं सकता है। जिसके पास अध्यात्म रूपी धन होता है वह निश्चिंत होता है। उसे किसी प्रकार की चिंता और भय नहीं रहता है। संसार में कोई भी ऐसा व्यक्ति नहीं है जो एक साथ इन दोनों धनों का सुख प्राप्त कर सके। अध्यात्म और भौतिक धन दोनों दो नाव के समान हैं। आप जानते हैं कि दो नाव की सवारी एक साथ नहीं की जा सकती, अगर ऐसा करेंगे तो डूबना तय है। मर्जी हमारी है कि हम अध्यात्मिक धन अर्जित करके ईश्वर का ऋण चुका दें और जीवन-मरण के चप्र को पार करके दु?ख से मुक्ति प्राप्त कर लें। दूसरा रास्ता यह है भौतिक धन अर्जित करके सांसारिक सुख का आनंद लें और बार-बार जीवन-मरण के चप्र में उलझकर पाप का फल प्राप्त करें। भागवत् कहता है कि ईश्वर जिसे प्यार करता है उससे उसका सब कुछ छीन लेता है। सब कुछ छीन लेने का अर्थ है सांसारिक सुख छीन लेना। कबीर दास, तुलसीदास, रहीम, मीराबाई, सूरदास, करमैती बाई इसके उदाहरण हैं। ईसा मसीह ने भी कहा है कि सूई के छिद्र से ऊंट भले ही पार कर जाए लेकिन एक अमीर आदमी स्वर्ग प्राप्त नहीं कर सकता। स्वर्ग नहीं मिलने का अर्थ है, ईश्वर की कृपा प्राप्त नहीं होना। इसका कारण यह है कि जब बहुत धन आ जाता है तो व्यक्ति धन संभालने और उसकी सुरक्षा को लेकर ही सदैव चिंतित रहता है। ईश्वर के लिए न तो उनके पास समय होता है और न भक्ति भावना। धन के अहंकार में व्यक्ति ईश्वरीय सत्ता को भी चुनौती देने लगता है। तीर्थस्थलों को पर्यटन स्थल मानकर उनका अपमान करता है। इसलिए ही कहा गया है कि अध्यात्मिक धन और सांसारिक धन एक साथ नहीं मिल सकता है।

क्रांतिकारी उधम सिंह

अरविन्द प्रेमचंद जैन

उधमसिंह (26 दिसम्बर 1899 - 31 जुलाई 1940) भारत के स्वतंत्रता संग्राम के महान सेनानी एवं क्रांतिकारी थे। उन्होंने जलियांवाला बाग कांड के समय पंजाब के गर्वनर जनरल रहे माइकल ओ% ड्वायर को लंदन में जाकर गोली मारी। कई इतिहासकारों का मानना है कि यह हत्याकांड ओ% ड्वायर व अन्य ब्रिटिश अधिकारियों का एक सुनियोजित षड्यंत्र था, जो पंजाब पर नियंत्रण बनाने के लिए किया गया था ।उत्तर भारतीय राज्य उत्तराखण्ड के एक जिले का नाम भी इनके नाम पर उधम सिंह नगर रखा गया है।

जीवन वृत्त

उधम सिंह का जन्म 26 दिसम्बर 1899 को पंजाब के संगरूर जिले के सुनाम गाँव में हुआ था। सन 1901 में उधमसिंह की माता और 1907 में उनके पिता का निधन हो गया। इस घटना के चलते उन्हें अपने बड़े भाई के साथ अमृतसर के एक अनाथालय में शरण लेनी पड़ी। उधमसिंह का बचपन का नाम शेर सिंह और उनके भाई का नाम मुक्तासिंह था जिन्हें अनाथालय में क्रमशः उधमसिंह और साधुसिंह के रूप में नए नाम मिले। इतिहासकार मालती मलिक के अनुसार उधमसिंह देश में सर्वधर्म समभाव के प्रतीक थे और इसीलिए उन्होंने अपना नाम बदलकर राम मोहम्मद सिंह आजाद रख लिया था जो भारत के तीन प्रमुख धर्मों का प्रतीक है.

अनाथालय में उधमसिंह की जिंदगी चल ही रही थी कि 1917 में उनके बड़े भाई का भी देहांत हो गया। वह पूरी तरह अनाथ हो गए। 1919 में उन्होंने अनाथालय छोड़ दिया और क्रांतिकारियों के साथ मिलकर आजादी की लड़ाई में शमिल हो गए। उधमसिंह अनाथ हो गए थे, लेकिन इसके बावजूद वह विचलित नहीं हुए और देश की आजादी तथा डायर को मारने की अपनी प्रतिज्ञा को पूरा करने के लिए लगातार काम करते रहे।

माइकल ओ%ड्वायर की गोली मारकर हत्या

उधमसिंह 13 अप्रैल 1919 को घटित जालियाँवाला बाग नरसंहार के प्रत्यक्षदर्शी थे। राजनीतिक कारणों से जलियाँवाला बाग में मारे गए लोगों की सही संख्या कभी सामने नहीं आ पाई। इस घटना से वीर उधमसिंह तिलमिला गए और उन्होंने जलियाँवाला बाग की मिट्टी हाथ में लेकर माइकल ओ डायर को सबक सिखाने की प्रतिज्ञा ले ली। अपने मिशन को अंजाम देने के लिए उधम सिंह ने विभिन्न नामों से अफ्रीका, नैरोबी, ब्राजील और अमेरिका की यात्रा की। सन् 1934 में उधम सिंह लंदन पहुँचे और वहां 9, एल्डर स्ट्रीट कमर्शियल रोड पर रहने लगे। वहां उन्होंने यात्रा के उद्देश्य से एक कार खरीदी और साथ में अपना मिशन पूरा करने के लिए छह गोलियों वाली एक रिवाल्वर भी खरीद ली। भारत का यह वीर क्रांतिकारी माइकल ओ डायर को ठिकाने लगाने के लिए उचित वक्त का इंतजार करने लगा।

उधम सिंह को अपने सैकड़ों भाई-बहनों की मौत का बदला लेने का मौका 1940 में मिला। जलियांवाला बाग हत्याकांड के 21 साल बाद 13 मार्च 1940 को रायल सेंट्रल एशियन सोसायटी की लंदन के काक्सटन हाल में बैठक थी जहां माइकल ओ डायर भी वक्ताओं में से एक था। उधम सिंह उस दिन समय से ही बैठक स्थल पर पहुँच गए। अपनी रिवॉल्वर उन्होंने एक मोटी किताब में छिपा ली। इसके लिए उन्होंने किताब के पृष्ठों को रिवॉल्वर के आकार में उस तरह से काट लिया था, जिससे डायर की जान लेने वाला हथियार आसानी से छिपाया जा सके। बैठक के बाद दीवार के पीछे से मोर्चा संभालते हुए उधम सिंह ने माइकल ओ डायर पर गोलियां दाग दीं। दो गोलियां माइकल ओ डायर को लगीं जिससे उसकी तत्काल मौत हो गई। उधम सिंह ने वहां से भागने की कोशिश नहीं की और अपनी गिरफ्तारी दे दी। उन पर मुकदमा चला। 4 जून 1940 को उधम सिंह को हत्या का दोषी ठहराया गया और 31 जुलाई 1940 को उन्हें पेंटनविले जेल में फांसी दे दी गई। धन्य हैं ऐसे सपूत जो देश के लिए कुर्बान हुए।

सर्वाइकल का दर्द होने पर अपनाएं ये घरेलू नुस्खे, जल्द मिलेगी राहत

सर्वाइकल स्पोंडिलोसिस एक ऐसी बीमारी है, जिसकी शुरूआत गर्दन के दर्द से होती है और आगे चलकर यह रीढ़ की हड्डी को बुरी तरह प्रभावित कर सकती है। इसके कारण असहनीय दर्द और सूजन का सामना करना पड़ता है। इसलिए इसका समय रहते उपचार करना जरूरी है। आइए आज हम आपको कुछ ऐसे असरदार घरेलू नुस्खे बताते हैं, जिन्हें अपनाकर सर्वाइकल के दर्द से काफी हद तक राहत मिल सकती है।

गर्म सिकाई करें

जब भी सर्वाइकल का दर्द हो तो हॉट पैड से प्रभावित जगह की सिकाई करें। अगर हॉट पैड न हो तो एक तौलिये को गर्म पानी में डुबो लें और इसे निचोड़कर चार-पांच मिनट तक प्रभावित जगह की सिकाई करें। हालांकि, इस बात का ध्यान रखें कि पानी अधिक गर्म न हो क्योंकि इससे त्वचा को नुकसान पहुंच सकता है। आप चाहें तो गर्म सिकाई की जगह ठंडी सिकाई भी कर सकते हैं।

जैतून के तेल से करें मालिश

किसी तरह का दर्द हो तो तेल मालिश का जिक्र न हो, ऐसा तो हो ही नहीं सकता। सर्वाइकल के दर्द से राहत पाने के लिए तेल मालिश भी अच्छा उपाय है। हालांकि, यह ध्यान रखना जरूरी है कि मालिश सही तरीके से की जाए क्योंकि गलत तरीके से मालिश करने पर दर्द बढ़ सकता है। जब भी आपको सर्वाइकल का दर्द हों तब जैतून के तेल से दर्द से प्रभावित जगह की मालिश करना सुनिश्चित करें।

सेंधा नमक आएगा काम

सेंधा नमक में मैग्नीशियम और सल्फेट जैसे पोषक तत्व सम्मिलित होते हैं जो दर्द निवारक की तरह काम करते हैं। इसलिए सर्वाइकल के दर्द से राहत पाने के लिए आप इसका इस्तेमाल कर सकते हैं। राहत के लिए पहले सेंधा नमक में पानी की कुछ बूंदें मिलाकर एक गाढ़ा पेस्ट बना लें। अब इस पेस्ट को प्रभावित हिस्से पर लगाएं। ऐसा करने से आपको जल्द दर्द से राहत मिलेगी।

अदरक भी है प्रभावी

अदरक में भी दर्द निवारक गुण मौजूद होते हैं, इसलिए आप इसका इस्तेमाल भी सर्वाइकल के दर्द से राहत पाने के लिए कर सकते हैं। इसके लिए अदरक को कद्दूकस कर एक कटोरी में इसका रस निकालें और फिर रस को दर्द से प्रभावित जगह पर लगाएं। इसके अलावा, अदरक के कुछ टुकड़े एक कप पानी में डालकर उबाल लें और जब पानी हल्का ठंडा हो जाए तो इसमें स्वादानुसार शहद मिलाकर पी लें।

करण जौहर की अगली फिल्म में सिद्धार्थ मल्होत्रा से रोमांस कर सकती हैं जान्हवी

जान्हवी कपूर ने फिल्म धड़क से अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी। भले ही इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कमाल नहीं किया, लेकिन जान्हवी के पास एक के बाद एक फिल्मों के प्रस्ताव आने लगे। अब करण जौहर की एक और फिल्म उनके खाते से जुड़ गई है। जान्हवी ने फिल्ममेकर कायोजे ईरानी की एक फिल्म साइन कर ली है। इस फिल्म में उनकी जोड़ी सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ बन सकती है। आइए पूरी खबर जानते हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक कायोजे ईरानी के निर्देशन में बनने वाली पहली फीचर फिल्म में जान्हवी कपूर और सिद्धार्थ मल्होत्रा नजर आएंगे। यह एक इमोशनल रोमांटिक कॉमेडी फिल्म होगी। इसे करण जौहर की कंपनी धर्मा प्रोडक्शन के बैनर तले बनाया जाएगा। खबर के मुताबिक कायोजे इस फिल्म में जाह्नवी के साथ वरुण धवन और सिद्धार्थ मल्होत्रा में से किसी एक को लेना चाहते थे। आखिरकार उन्होंने इसके लिए सिद्धार्थ का नाम फाइनल कर दिया। एक सूत्र ने बताया कि जाह्नवी धर्मा प्रोडक्शन के साथ मिलकर दो फिल्में करने वाली थीं। एक दोस्ताना 2 और दूसरी मिस्टर लेले। हालांकि, दोनों ही फिल्में बीच में लटकी हुई हैं। ऐसे में जाह्नवी ने कायोजे की फिल्म साइन कर ली है। उन्हें इसकी कहानी और इसमें अपना किरदार बेहद पसंद आया है। इससे पहले जाह्नवी गुंजन सक्सेना: द कारगिल गर्ल और रूही में नजर आई थीं। दोनों ही फिल्मों में उनकी एक्टिंग को सराहा गया था। जान्हवी जल्द ही फिल्म दोस्ताना 2 में नजर आएंगी। उनकी इस फिल्म के निर्माता करण जौहर ही हैं। उनकी फिल्म घोस्ट स्टोरीज में जान्हवी ने अपनी मौजूदगी दर्ज कराई थी। जान्हवी धर्मा प्रोडक्शन की मल्टीस्टारर पीरियड फिल्म तख्त में भी एक खास भूमिका निभाने वाली हैं। इसके अलावा वह फिल्म गुड लक जैरी को लेकर भी सुर्खियों में हैं। वह सुपरहिट मलयालम फिल्म हेलेन के हिंदी रीमेक में भी नजर आ सकती हैं। सिद्धार्थ की आगामी फिल्मों की बात करें तो वह मिशन मजनू में भी अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगे।

प्रणिता सुभाष लंबे समय से बड़े पर्दे को कर रही हैं मिस

फिल्म हंगामा 2 में नजर आने वाली अभिनेत्री प्रणिता सुभाष लंबे समय से बड़े पर्दे पर से गायब हैं। प्रणिता ने एक हिंदी फिल्म में काम करने के अपने अनुभव को साझा करते हुए कहा, मैं नर्वस और उत्साहित दोनों हूं, क्योंकि शैली से लेकर दर्शकों तक सब कुछ मेरे लिए नया है। यह पूछे जाने पर कि क्या वह बड़े पर्दे को मिस कर रही हैं, अभिनेत्री ने जवाब दिया, बिल्कुल, क्योंकि एक्टर के रूप में, विशेष रूप से दक्षिण में हम बड़े पर्दे, और पागलपन के इतने आदि हैं। मैं निश्चित रूप से वह सब याद कर रही हूं। डिजिटल रूप से रिलीज होने वाली फिल्म के साथ, इस पर ओपनिंग वीकेंड बॉक्स-ऑफिस पर दबाव नहीं है।

क्या यह थोड़ी राहत है?

अभिनेत्री ने सुझाव दिया कि वास्तव में हाँ, लेकिन फिर, मुझे लगता है कि यह बहुत अच्छा होता अगर इसे सिनेमाघरों में रिलीज किया जाता। तमिल, तेलुगु और कन्नड़ फिल्मों में एक लोकप्रिय नाम, प्रणिता बॉलीवुड में पहली बार काम कर रही हैं, वह दक्षिण से क्या अंतर देखती हैं? प्रणिता ने कहा कि यह अद्भुत है। काम के मामले में, यह लगभग समान है, कुछ अलग नहीं लगता है। कार्य संस्कृति, समय मैंने हमेशा लोगों को यह कहते हुए सुना है कि कितना अलग और समान है, लेकिन मैंने व्यक्तिगत रूप से सब कुछ वही पाया। आप किसी दक्षिण फिल्म और हिंदी फिल्म की कार्यशैली में कोई अंतर नहीं बता सकते। लेकिन हाँ, जो अलग है वह भाषा है। मैंने जीवन भर बहुत खराब हिंदी बोली है लेकिन अब अचानक मैं बहुत अच्छी हिंदी बोल रही हूं। प्रियदर्शन द्वारा निर्देशित, हंगामा 2 डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीम हुई है। फिल्म में परेश रावल, शिल्पा शेट्टी कुंद्रा, जॉनी लीवर, मिजान जाफरी और राजपाल यादव भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

रोमांटिक दृश्यों के दौरान अपनी परेशानी पर बोले गोविंदा

जल्द ही डांस रियलिटी शो डांस दीवाने में नजर आने वाले अभिनेता गोविंदा ने खुलासा किया कि अपनी पहली फिल्म इल्जाम में रोमांटिक सीन करते समय वह शर्मीले थे। अभिनेता को कोरियोग्राफर गणेश आचार्य के साथ थिरकते हुए और जज के रूप में अभिनेत्री नोरा फतेही की जोड़ी में शामिल दिखाई देंगे।

शो में, नोरा प्रतियोगी पीयूष की शर्म पर टिप्पणी करती है जो गोविंदा को एक मजेदार घटना का खुलासा करने के लिए प्रोत्साहित करती है। अपनी पहली फिल्म के सेट से एक दिलचस्प घटना साझा करते हुए, अभिनेता ने कहा, मुझे याद है कि मेरी पहली फिल्म के दौरान, मुझे नीलम के साथ एक रोमांटिक गाना शूट करना था और मैं ऐसा नहीं कर सका। कोने से, सरोज (खान) ने मुझे पकड़ा और पूछा कि क्या मैंने कभी किसी लड़की से रोमांस किया है! मैंने नहीं कहा, और उन्होंने तुरंत अपने एक सहायक कोरियोग्राफर से मुझे रोमांटिक कदम कैसे करना है, यह सिखाने के लिए कहा, और यह काफी कुछ था।

घटनाओं के एक दिलचस्प मोड़ में, शो में प्रतियोगियों में से एक, पल्लवी, गोविंदा के प्रतिष्ठित ट्रैक तुम तो धोकेबाज हो पर प्रदर्शन करेगी, जिसके बाद अमन का उग्र अभिनय होगा। डांस दीवाने कलर्स टीवी पर प्रसारित होगा।

मैं एक ट्रैक एथलीट की भूमिका निभाना चाहता हूं : आदर्श गौरव

अभिनेता आदर्श गौरव का कहना है कि उनका सपना है कि वह एक ट्रैक एथलीट की भूमिका निभाए। इस बारे में बात करते हुए आदर्श ने कहा, मैं एक ट्रैक एथलीट की भूमिका निभाना चाहता हूं। मैं स्कूल में एक ट्रैक एथलीट हुआ करता था, लेकिन महान नहीं था। इसलिए मैं एक महान ट्रैक एथलीट की भूमिका निभाना चाहता हूं और सिनेमा के माध्यम से अपने अधूरे सपने को जीना चाहता हूं। आदर्श ने इस साल की शुरूआत में 74 वें ब्रिटिश एकेडमी ऑफ फिल्म्स एंड टेलीविजन आर्ट्स (बाफ्टा) अवार्डस में नामांकन सहित फिल्म द व्हाइट टाइगर में अपने प्रदर्शन के साथ वैश्विक पहचान हासिल की। उन्होंने कहा कि जीवन काफी हद तक वैसा ही रहा है। मुझे जितने अवसर मिल रहे हैं, हां, निश्चित रूप से द व्हाइट टाइगर से पहले मुझे जो मिल रहा था, उससे कहीं अधिक बढ़ गया है। मुझे ऑडिशन के लिए और भी बहुत कुछ मिल रहा है, और लेखकों और फिल्म निमार्ताओं से बात करते हुए कि मेरे मन खुश हो जाता है। आगे किस तरह की भूमिकाएं करना चाहते हैं, इस बारे में बात करते हुए, आदर्श ने कहा कि कुछ खास नहीं। मैं बहुत सारे प्रयोग करना चाहता हूं, अनूठी कहानियां और व्यक्तियों को ढूंढना चाहता हूं, और ऐसी कहानियां बताना चाहता हूं जो मुझे आकर्षित करती हैं। काम के मोर्चे पर, आदर्श अपनी आगामी परियोजना, लोकप्रिय वेब श्रृंखला हॉस्टल डेज के दूसरे सीजन की रिलीज के लिए पूरी तरह तैयार हैं, जहाँ उन्होंने एक कॉलेज के छात्र की भूमिका निभाई है। शो में अपने किरदार के बारे में बात करते हुए, आदर्श ने कहा, अंकित पांडे सिविल इंजीनियरिंग के छात्र हैं और सीजन 2 में वह दूसरे वर्ष में हैं। वह भोले, प्यारे हैं। उनके पास बहुत कुछ नहीं था। बड़े होने के दौरान वह दोस्तों को और उस दोस्ती को महत्व देता है जो उसने कॉलेज में पिछले कुछ वर्षों में बनाई है। अभिनेता ने कहा कि वह असल जिंदगी में कभी हॉस्टल में नहीं रहे।

'पठान' में किक्स और पंच लगाती दिखेंगी दीपिका पादुकोण

दीपिका पादुकोण अपनी अपकमिंग फिल्म 'पठान' में बिल्कुल अलग अवतार में नजर आएंगी। हॉलिवुड फिल्म 'ट्रीपलएक्स' में स्टंट परफॉर्म करने के बाद अब वह शाहरुख खान स्टारर फिल्म में किक्स और पंच लगाती दिखेंगी। ऐक्ट्रेस के करीबी एक सूत्र ने बताया, 'दीपिका अभी पठान के लिए हाई ऑक्टेन ऐक्शन सीन्स शूट कर रही हैं। शूटिंग मुंबई में ही चल रही है और ऐक्ट्रेस ने इसके लिए इंटेंस तैयारियां की हैं।' दीपिका 'पठान' का पहला शेड्यूल रैप अप कर चुकी हैं। डायरेक्टर सिद्धार्थ आनंद की इस फिल्म से लंबे वक्त बाद किंग खान की पर्दे पर वापसी होगी। शाहरुख आखिरी बार 2018 में आई फिल्म 'जीरो' में अनुष्का शर्मा और कटरीना कैफ के साथ नजर आए थे। बात करें 'पठान' की तो इसमें जहां शाहरुख इसमें टाइटल रोल में हैं तो जॉन अब्राहम विलन की भूमिका में दिखेंगे। सलमान खान पहले ही 'पठान' के लिए कैमियो शूट कर चुके हैं। 'पठान' के अलावा दीपिका ने शकुन बत्रा की अनटाइटल्ड फिल्म का पहला शेड्यूल पूरा कर लिया है। इस फिल्म में सिद्धांत चतुर्वेदी और अनन्या पांडे जैसे ऐक्टर्स भी अहम किरदारों में हैं। यही नहीं, दीपिका ने हाल ही में नाग अश्विन की फिल्म की शूटिंग भी शुरू की है जिसमें वह प्रभास और अमिताभ बच्चन के साथ स्क्रीन स्पेस शेयर करेंगी।

बाथ टॉवल में हो सकते हैं कीटाणु, सुरक्षा के लिए इन हाइजीन टिप्स को करें फॉलो

तौलिया एक अहम वस्तु है, जिसका इस्तेमाल रोजाना हर कोई करता है। आमतौर पर तौलिए नम और गर्म होते हैं। इस वजह से तौलिया बैक्टीरिया की चपेट में आ सकता है और जब आप उस तौलिए का इस्तेमाल करेंगे तो उससे आपकी त्वचा पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। इसलिए आज हम आपको कुछ ऐसे टिप्स बताने जा रहे हैं, जिनको फॉलो करने से आप अपने तौलिए को बैक्टीरिया मुक्त बना सकते हैं।

हफ्ते में दो बार अपना तौलिया धोएं

तौलिए को बैक्टीरिया मुक्त रखने के लिए उसको हफ्ते में कम से कम दो बार धोना जरूर सुनिश्चित करें। तौलिए को कभी भी कपड़े धोने वाले डिटर्जेंट पाउडर से नहीं धोना चाहिए, क्योंकि उससे बैक्टीरिया खत्म नहीं हो सकते हैं। इसलिए जब भी तौलिया धोएं तो गर्म पानी के साथ कपड़े धोने वाले लिक्विड का इस्तेमाल करें या गर्म पानी के साथ सफेद सिरके का इस्तेमाल करके तौलिए को धोएं।

तौलिए को गीला न छोड़े

तौलिए को कभी गीला न छोड़े, क्योंकि ऐसा करने से ऐसा करने से बैक्टीरिया को तो बढ़ावा मिलता ही है साथ ही उसमें से बदबू भी आने लगेगी। साफ शब्दों में कहा जाए तो नहाने के बाद तौलिए को बाथरूम या कहीं अन्य जगह पर न छोड़े। उसको वॉशिंग मशीन में ड्रायर करें या धूप में सूखा दें। ऐसा करने से आपका तौलिया बैक्टीरिया मुक्त रहेगा।

उच्चतम गुणवत्ता वाले तौलिए का इस्तेमाल करें: चीप गुणवत्ता के तौलिए आमतौर पर बहुत लंबे समय तक आपके लिए सुरक्षित नहीं रह सकते हैं। कई अध्ययनों पर गौर फरमाएं तो बहुत पुराने तौलिए की सोखने की क्षमता कई हद तक कम हो जाती है और उसमें अनदेखे कीटाणु भी हो सकते हैं। इसलिए अगर आपका तौलिया काफी पुराना हो गया है तो उसे बदलें और अपने लिए एक उच्चतम गुणवत्ता वाले तौलिए का चुनाव करना सुनिश्चित करें।

अपना तौलिया किसी के साथ भी शेयर न करें: साल 2019 में लक्जरी बाथरूम रिटेलर रिंच ने एक कपल पर अध्ययन किया, जिसमें पाया गया कि उस कपल ने एक ही तौलिए का इस्तेमाल किया, जिसकी वजह से उन दोनों को शारीरिक समस्या जैसे रेशेज और अन्य संक्रमण का सामना करना पड़ा इसलिए अपने साथी या परिवार के अन्य सदस्यों के साथ अपना तौलिया साझा करने से बचें। ऐसा करने से आप और आपका तौलिया काफी हद तक बैक्टीरिया मुक्त रह सकता है।

अधिक जटिल भूमिकाएं मुझे रुचिकर लगती हैं: मेघना मलिक

टीवी शो ना आना इस देस लाडो में अम्माजी का लोकप्रिय किरदार निभा चुकीं और हाल ही में हिंदी बायोपिक साइना में नजर आ चुकीं अभिनेत्री मेघना मलिक का कहना है कि वह अधिक जटिल किरदार करना चाहती हैं। जब उनसे पूछा गया कि वह भविष्य में किस तरह की भूमिकाएं निभाने को तैयार हैं तो मेघना ने कहा, काश मैं उस स्थिति में होती कि मेरे पास आने वाली सभी भूमिकाएं होतीं, कि मैं उन्हें एक्सप्लोर कर पाती। मैं दर्शकों को बनाना चाहती हूं। एक ही समय में हंसना और रोना। मैं केवल सरल, लीनियर चरित्रों को निभाने के लिए उत्सुक नहीं हूं, बल्कि अधिक जटिल भूमिकाएं मुझे रुचिकर लगती हैं। अभिनेत्री का कहना है कि आपको हमेशा वह नहीं मिलता जो आप चाहते हैं: ऐसा ही रहा है और इस तरह आप उसके साथ अपनी शांति बनाते हैं। आप अस्वीकृति के साथ-साथ उपलब्धियों दोनों के साथ अपनी शांति बनाते हैं। मेघना को साइना में साइना नेहवाल की मां उषा रानी का किरदार उनके दिल के बहुत करीब लगता है। इस साल की शुरूआत में रिलीज हुई इस फिल्म में परिणीति चोपड़ा ने इक्का-दुक्का बैडमिंटन खिलाड़ी की मुख्य भूमिका निभाई है। वह कहती हैं: साइना हरियाणा से हैं और मैं भी उसी जगह की हूं, इसलिए वे हमारे बीच जुड़ते हैं। इसके अलावा, एक अथक मां की भावना को पकड़ना वाकई लुभावना था। मेघना हरियाणा के एक प्रख्यात कवि पर आधारित एक और बायोपिक में नजर आएंगी, जिसका निर्देशन यशपाल शर्मा ने किया है। वे कहती हैं, साइना की तरह यह भी एक बहुत ही दिलचस्प विषय है, हालांकि यह उस व्यावसायिक रूप में नहीं आता है। लेकिन, मुझे इसे करने में बहुत मजा आया।

वन-टू-वन

इंदरगढ़ नगर की प्रसिद्ध शीतला माता का गुरुवार रात्रि में 78 वा प्रकट उत्सव हिंदू मुस्लिम भाईचारे के साथ मनाया गया

विवेक सेन रिपोर्टर, पुष्पांजली टुडे

इंदरगढ़ / शीतलामाता के दरबार में सुबह से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही । माता के प्राकट्य दिवस के अवसर पर पूरे दिन माता के दरबार में भजन-कीर्तन, हवन-पूजन इत्यादि धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया संगीतमय जवाबी भजनों का कार्यक्रम किया गया व्यापारियों प्रसाद वितरण आतिशबाजी की। आज से 78वर्ष पूर्व शीतला माता इन्दरगढ़ निवासी एक मुस्लिम व्यक्ति आजम खान को स्वप्न देकर प्रकट हुई थीं । जिस में उपस्थित हुए, मां शीतला माता के दर्शन करने पहुंचे श्री दंदरौआ सरकार इंदरगढ़ थाना प्रभारी परमानंद शर्मा के प्राकट्य उत्सव पर भव्य कार्यक्रम हुआ जिसमें मुख्य अतिथि भोपाल एवं ग्वालियर संभाग के संभागीय संगठन मंत्री आदरणीय श्री आशुतोष तिवारी जी पहुंच कर माई का आशीर्वाद लिया प्रसाद ग्रहण किया एवं श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरण कर क्षेत्र की शांति अमन चयन की दुआएं की उनके साथ इंदरगढ़ आदरणीय जिला अध्यक्ष सुरेंद्र बुधौलिया मंडल अध्यक्ष राम लखन गुर्जर जी सोनू गतबार जी हरिकिशन कुशवाहा जी रामस्वरूप मंडेलिया जी कल्लू पटेल थरेट सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

प्लास्टिक से होने वाले दुष्परिणामों पर समझाईस दी गई

विनोद पाठक ब्यूरो, पुष्पांजली टुडे

श्योपुर कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता कौशल पखवाड़ा में जन शिक्षण संस्थान श्योपुर द्वारा अनेक गतिविधियों के माध्यम से आज अंतिम दिवस में ग्रामीण समुदाय को प्लास्टिक से होने वाले दुष्परिणामों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर संस्थान की सहायक कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती कुसुम जादौन ने सिंगल यूज प्लास्टिक से होने वाले दुष्परिणामों पर चर्चा करते हुए कहा कि हमारे दैनिक जीवन में प्लास्टिक या उससे निर्मित सामग्री का उपयोग बढता जा रहा है जो कि हमारे जीवन पर व शारीरिक क्षति पहुंचाता है प्लास्टिक से निकलने वाले तत्व हमारे भोज्य व पेय प्रदार्थो में शामिल होकर शरीर मे प्रवेश कर तरह तरह की बिमारियां बनाते है जो इतने सूक्ष्म होते है कि उन्हे पहचान पाना मुश्किल होता है जिससे शरीर में धीरे धीरे बिमारियां पनपती है जिन्हे पहचानने में समय लग जाता है और यह इतना विकराल रूप धारण कर लेती है जिससे शरीर को क्षति होती है।

संस्थान के लेखापाल गोविन्द शिवहरे ने बताया कि हमे बाजार से सामग्री लाने के लिए

घर से कपड़े का थैला उपयोग करना चाहिए जिससे पॉलीथिन पर रोक लगायी जा सकें, पॉलीथिन या प्लास्टिक पर्यावरण में प्रवेश कर हमारे जीवन पर घातक असर करती है। प्लास्टिक कभी न नष्ट होने वाली वस्तु है यह हमारे धरातल में प्रवेश कर वर्षा के पानी को भू-तल मे जाने से रोकती है जिससे भूमि का जल स्तर घटता है। आमजन को जितना हो सके प्लास्टिक व उससे बने उत्पादों को उपयोग मे नही लाना चाहिए। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक अजय कुमार सक्सैना, कार्यक्रम अधिकारी आसिफ पठान, सहायक कार्यक्रम अधिकारी कुसुम जादौन, लेखापाल गोविन्द शिवहरे आदि ग्रामीण उपस्थित रहें।

वैज्ञानिक विवेचना से गलत पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर हत्या के अभियोग में फंसे निर्दोष व्यक्तियों के लिए एफ.एस.एल लखनऊ उ.प्र. बनी मिसाल

सोनू कुमार माथुर

एटा। बीते 1 फरवरी को पंकज कुमार पुत्र शिशुपाल सिंह निवासी ग्राम दतेई थाना मिरहची के द्वारा एक लिखित तहरीर दी जिसमे कहा गया कि इसका बड़ा भाई अभयकुमार उर्फ छोटे पुत्र शिशुपाल सिंह उम्र 37 वर्ष घर से मछली पालन के तालाब पर गया था और वह नहीं लौटा, उसका शव आम के पेड़ से लटका हुआ मिला, आशंका है कि बदमाशों ने मेरे भाई की हत्या कर शव को आम के पेड़ से लटका दिया है। मेरा भाई आगामी प्रधानी के चुनाव हेतु प्रधान पद के लिए तैयारी कर रहा था उपरोक्त तहरीर पर थाना पर अज्ञात अभियोग पंजीकृत किया गया, तथा नियमानुसार शव का पोस्टमार्टम कराया गया। 2 फरवरी को उसके द्वारा थाने पर एक अतरिक्त प्रार्थना पत्र दिया गया जिसमें उसके द्वारा बताया गया कि मेरे भाई अभय कुमार उर्फ छोटे की हत्या हमारे गांव के ही पूर्व प्रधान व उसके सहयोगियों द्वारा मिलकर की गयी है।

26 अप्रैल को जनसुनवाई के दौरान योगेश कुमार पुत्र रामबाबू निवासी ग्राम दतेई थाना मिरहची ने एक प्रार्थना पत्र दिया कि मेरे भाई व भतीजो को हत्या जैसे मुकदमों में झूठा फसाया गया है। उपरोक्त प्रार्थना पत्र पर संज्ञान लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी सदर एवं विवेचक प्रभारी निरीक्षक मिरहची को घटना के हर पहलुओ एवं विवेचना में वैज्ञानिक तथ्यों का सहयोग लेकर गुणदोष के आधार पर निस्तारण करने हेतु आदेशित किया गया। उक्त घटना के सम्बन्ध में टीम द्वारा घटना स्थल का पुनः निरिक्षण किया तो पाया कि मृतक

का शव जमीन से करीब 20 फीट ऊपर पेड़ की डाल से लटका तथा शरीर पर कोई जाहिरा चोट, प्रतिरोध के निशान प्रदर्शित नहीं हो रही थे और मृतक के कपडे भी अस्त व्यस्त नहीं थे। उक्त घटना से संबंधित पोस्टमार्टम रिपोर्ट में चिकित्सको ने मृतक की मृत्यु का कारण गला घोंटकर हत्या होना अंकित किया गया, चिकित्सकों द्वारा तैयार की गयी, घटना की पोस्टमार्टम रिपोर्ट तथा परिस्थितियों का गहराई से विश्लेषण करने के बाद स्थानीय पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट के निष्कर्ष पर संदेह उत्पन्न हुआ, तदोपरांत कोई निर्दोष व्यक्ति इस जघन्य घटना में सजा ना पाए इस उद्देश्य से पुलिस द्वारा एफएसएल लखनऊ से मेडिकोलीगल एक्सपर्ट राय, पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बारे में मॉगी तथा घटनास्थल की पुनःसंरचना हेतु एफएसएल आगरा यूनिट का एक्सपर्ट तकनीकी सहयोग प्राप्त किया गया, दोनों एक्सपर्ट संस्थाओं द्वारा जिनकी गणना देश की महत्वपूर्ण एक्सपर्ट संस्था के रुप में होती है, से प्राप्त अभिमत के अनुसार उक्त घटना आत्महत्या होना पाया गया।

वैज्ञानिक ढंग से विवेचना करने वाली टीम का नेतृत्व अपर पुलिस अधीक्षक ओमप्रकाश सिंह, क्षेत्राधिकारी सदर इरफ़ान नासिर खान, प्रभारी निरीक्षक मिरहची सीताराम सरोज, उपनिरीक्षक मदन मुरारी, मुख्य आरक्षी प्रेमपाल सिंह तथा आरक्षी अरबाज खान द्वारा किया गया।

आईटी सेक्टर में रोजगार की अपार संभावनाएं

(युवाओं को रोजगार देने के लिये शीघ्र ही आयोजित होगा जॉबफेयर)

पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ, दैनिक पुष्पांजली टुडे

इंदौर। प्रदेश के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम एवं विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री ओमप्रकाश सखलेचा ने कहा कि आईटी सेक्टर में वर्तमान में रोजगार की अपार संभावनएं है। इस सेक्टर में प्रदेश के अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार मिले इसके लिये राज्य शासन द्वारा निरंतर प्रयास किये जा रहे है। उन्होंने कहा कि इस सेक्टर में अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार दिलाने के लिये इंदौर में शीघ्र ही आईटी सेक्टर की अनेक प्रतिष्ठित कंपनियों के सहयोग से जॉबफेयर आयोजित किया जायेगा। इसके अलावा अगले माह इंदौर में ही आईटी कंपनियों, इंजीनियरिंग कॉलेजों एवं इस सेक्टर के विद्यार्थियों का संयुक्त सेमिनार भी आयोजित किया जायेगा।

श्री सखलेचा ने यह बात आज इलेक्ट्रानिक कॉम्पलेक्स में आईटी सेक्टर की कंपनियों के प्रतिनिधियों से चर्चा के दौरान कही। इस अवसर पर उन्होंने आईटी कंपनियों की समस्याओं को सुना और कहा कि उनका हर संभव निराकरण किया जायेगा। उन्होंने आईटी सेक्टर की कंपनियों



के प्रतिनिधियों से कहा कि वे अपनी कंपनियों की ग्रोथ को डबल करें। राज्य शासन द्वारा उन्हें पूरी मदद दी जायेगी। आईटी सेक्टर की कंपनियों की ग्रोथ होगी तो युवाओं को अधिक संख्या में रोजगार भी मिलेगा। श्री सखलेचा ने कहा कि आज जरूरत है कि हम युवाओं को कंपनियों की जरूरत के मान से शिक्षण और प्रशिक्षण दें। इसके लिये आईटी कंपनियां सहयोग करें। वे इंजीनियरिंग कॉलेजों के साथ मिलकर युवाओं को अपनी जरूरत के अनुसार शार्ट टर्म का प्रशिक्षण देवें। इसके लिये वे फेकल्टी भी उपलब्ध करायें। इसके लिये इंदौर में जल्द ही संयुक्त सेमिनार भी आयोजित किया जायेगा। श्री सखलेचा ने कहा कि प्रदेश में आईटी के क्षेत्र में औद्योगिक निवेश को बढ़ाने के लिये सभी संभव प्रयास किये जा रहे है। अनेक नवाचार भी हो रहे है। कंपनियों को अनेक सुविधाएं दी जा रही है। उन्हें 40 प्रतिशत तक की केपिटल सब्सिडी भी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि आईटी क्षेत्र में सेवाएं देने वाली इकाईयां अपना ऐसोसिएशन भी बनाये। इसके माध्यम से वे युवाओं को अपनी जरूरत के अनुसार शिक्षण प्रशिक्षण देने की व्यवस्था भी करें।

इस अवसर पर मध्यप्रदेश राज्य इलेक्ट्रानिक विकास निगम लिमिटेड की सीजीएम सुश्री अंजू पवन भदौरिया, इंदौर के जीएम द्वारकेश सराफ सहित आईटी कंपनी के प्रतिनिधि प्रमोद बाकलीवाल, कुलदीप कुंदन,महेन्द्र पाटीदार सहित अन्य प्रतिनिधि मौजूद थे।

मंत्री श्री सखलेचा ने इसके पूर्व सुपर कॉरिडोर पर स्थित टीसीएस और इंन्फोसिस का भ्रमण भी किया। इस दौरान उन्होंने उक्त कंपनियों के अधिकारियों से चर्चा कर उनकी गतिविधियों की पॉवर पाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से जानकारी ली।

बसपा सांसद सतीश मिश्रा 2 अगस्त को एटा में

सोनू कुमार माथुर

एटा। जलेसर में बहुजन समाज पार्टी के अलीगढ़ मंडल सेक्टर प्रभारी रणबीर कश्यप ने नगर में विप्र समाज की बैठक ली। बैठक में उन्होंने बताया कि दो अगस्त को बसपा सांसद सतीश मिश्रा एटा आएंगे। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से एटा पहुंचने का अनुरोध किया।

बैठक में बसपा नेता उत्साह भारद्वाज ने उनका माला पहनाकर स्वागत किया। बैठक में हरीश उपाध्याय, गिरीश शर्मा, लव पाराशर, संजय शर्मा, बृजेश शर्मा, अनु शर्मा, प्रशांत शर्मा, दुष्यंत भारद्वाज, सुनील कुमार, सौरभ कौशल, बीपी अनुराग पालीवाल, आनंद शर्मा, अमित शर्मा आदि ब्राहमण बंधु मौजूद रहे।

अम्बाह आज भारतीय जनता पार्टी नगर मण्डल की कार्यसमिति की बैठक गौरी गार्डन में संपन्न

अम्बाह।

भाजपा कार्य समिति की बैठक में मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष एडवोकेट अनूप सिंह भदोरिया जी एवं बैठक की अध्यक्षता भाजापा नगर मण्डल अध्यक्ष श्री अखिलेश उर्फ कल्ला शर्मा ने की बैठक का संचालन महामंत्री उमेश जैन के द्वारा किया गया जिला कार्यालय मंत्री श्री राजेश सिंह सिकरवार जी, जिला प्रवक्ता श्री बच्चूलाल गुप्ता जी, गिर्राज कमलेश जाटव जी श्री साधू सिंह राठौर जिलाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा, श्री कवीन्द्र सिंह तोमर जी , श्री जिनेश जैन जी, श्री गिर्राज चौधरी जी, श्री योगेंद्र सिंह चौहान बंटी श्री महावीर शर्मा जी ऋषि सखवार जी विष्णु शर्मा जी शिव कुमार श्रीवास्तव जी दीपू भदोरिया जी रामअवतार दादा वरिष्ठ राम भरत शर्मा बसंत तोमर सूबेदार सिंह तोमर नेता लक्ष्मण वर्मा जी रामविलास कुशवाह दीवान राठौर सोबरन गुर्जर जी मास्टर जयसिंह गुर्जर जी राजेश कपासिया जी प्रदीप शर्मा सुभाष

शर्मा प्रकाश पंडित जी ओम प्रकाश शर्मा जी गोलू भदोरिया जी रामू तोमर जी बाबूलाल कुशवाह श्री गिर्राज तिवारी जी,अज भदौरिया विजय गुप्ता जी अध्यक्ष व्यापार प्रकोष्ठ हरेन्द गहलोत गोपाल वार्म रवि कुशवाह सोनपाल खटीक नूतन श्रीवास्तव बल्ली तोमर सत्य वीर तोमर बृजेश ओझा दशरथ ओझा राजकुमार राठौर फौजी रामसेवक गढ़वाले गुड्डू खान बंटी राजोरिया टिल्लू तोमर दिलीप शुक्ला सतीश सखबार वेद प्रकाश सखबार प्रदीप शर्मा अशोक मुद्गल जी विश्वर राठौर संतोष राठौर भीम तोमर विनोद शर्मा रमेश सखबार बारेलाल प्रजापति प्रदुमन गुर्जर जी हरि बाबा राकेश अग्रवाल सहित सैकड़ों कार्यकर्ता *उपस्थित रहे*।

' सांसद श्रीमती संध्या राय ने लोकसभा सदन में उच्च स्तरीय ओलंपिक खेल सेंटर खोले जाने का प्रस्ताव रखा'

नीरज त्रिपाठी पुष्पांजली टुडे

भिण्ड(ब्यूरो)। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भिंड दतिया लोकसभा श्रीमती संध्या राय ने राष्ट्रीय खेल नीति के तहत भिंड और दतिया जिले के विकास के लिए ओलंपिक क्षेत्र में दोनों जिले के प्रतिभावान खिलाड़ी बाहर अपना नाम रोशन कर सकें जिसके लिए लोकसभा के सदन में ओलंपिक खेल खेल के लिए उच्च स्तरीय सेंटर खोले जाने का ऐ प्रस्ताव रखा ताकि दोनों जले खेल के क्षेत्र में विकास की दिशा में आगे बड़े।

भाजपा मीडिया सेंटर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है की सांसद श्रीमती राय ने लोकसभा सदन में मांग की की भिंड और दतिया दोनों खेल के क्षेत्र में ग्रामीण एवं शहरी अंचलों में

प्रतिभावान खिलाड़ी हैं जिनके लिए उच्च स्तरीय ओलंपिक खेल सेंटर खोला कर योजना से जोड़ा जाए ताकि उनको अच्छे से अच्छे खेलों में ट्रेनिंग मिल सके और बाहर जाकर राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय टीमों में भाग लेकर अपने मध्य प्रदेश और जिले का नाम रोशन कर सकें ।

भाजपा सांसद श्रीमती राय ने लोकसभा सदन में बताया कि ट्रेनिंग सेंटर खोले जाने से दोनों जिले के युवाओं को खेल के क्षेत्र में आगे आने का मौका मिलेगा और और उन्हें सेनाओं में शान भर्ती होने का भी अफसर मिलेगा भिंड जिला वीर सपूतों की भूमि रही है और हमारे युवा खेल के क्षेत्र में भी ट्रेनिंग लेकर सेना में भर्ती होंगे तो जिससे हमारे भारत का नाम भी रोशन पड़ेगा द्य

श्रीमती संध्या राय के ओलंपिक क्षेत्र के प्रस्ताव का केंद्रीय खेल मंत्री ने जवाब दिया कि मध्य प्रदेश में कुछ निर्धारित स्थानों पर ट्रेनिंग सेंटर स्थापित है जहां तक आपने भिंड और दतिया संसदीय क्षेत्र के जिलों के लिए ओलंपिक ट्रेनिंग सेंटर का प्रस्ताव रखा है अगर आप राज्य सरकार द्वारा प्रस्ताव आएगा तो भारत सरकार और खेल मंत्रालय उस पर विचार कर ट्रेनिंग सेंटर खोले जाने की योजना तैयार करेगा द्य

श्रीमती राय ने अपने प्रस्ताव से ओलंपिक में मशहूर महिला खिलाड़ी मीराबाई चानू ने भारत के लिए रजत पदक जीत कर देश का नाम रोशन किया है जिसके लिए मैं सदन में उनके प्रति धन्यवाद ज्ञापित करती हूं ।

पुलिस थाना हजीरा जिला ग्वालियर ने 24 घंटे के अंदर कई वर्ष से वांटेड 6 गिरफ्तारी वारन्टी को गिरफ्तार किया

सुरजीत सिंह क्राइम ब्यूरो, पुष्पांजली टुडे

ग्वालियर- पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री अमित सांघी ,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर (मध्य)हितिका वासल ,नगर पुलिस अधीक्षक महाराजपुरा श्री रवि भदौरिया के निर्देशन व पुलिस थाना हजीरा ग्वालियर टी आई आलोक सिंह परिहार के नेतृत्व में पुलिस थाना हजीरा ग्वालियर टीम ने 24घंटे के अंदर 6 गिरफ्तारी वारंटी गिरफ्तार किये । 1- गिरफ्तारी वारंटी कुलदीप सिकरवार निवासी जती की लाइन ग्वालियर को 5 वर्ष पुराने एक्सीडेंट के प्रकरण में ,2- गिरफ्तारी वारंटी शैलू जाट निवासी आरामील ग्वालियर को 7 वर्ष पुराने अवैध वसूली के लिए मारपीट के प्रकरण में ,3- गिरफ्तारी वारंटी भूपत उर्फ वीरेंद्र

खान निवासी वैष्णो पुरम हजीरा ग्वालियर को 8 वर्ष पुराने मारपीट के प्रकरण में ,4- कल्याण लोधी निवासी गदाईपुरा माधवी नगर ग्वालियर, 5 -सोनू लोधी निवासी सदर, 6- बंटी रामविलास लोधी निवासी सदर को 5 वर्ष पुराने मारपीट के प्रकरण में गिरफ्तार किया । अभी पुलिस थाना हजीरा के टारगेट पर हैं कई स्थाई गिरफ्तारी वारंटी व गिरफ्तारी वारन्टी।

गिरफ्तारी वारंटी को गिरफ्तार करने वाली टीम में एसआई नरेंद्र छिकारा ,एएसआई शैलेंद्र सिंह चौहान , प्रधान आरक्षक मनोज शर्मा, हरी प्रताप सिंह चौहान आरक्षक जनक सिंह, श्रीकृष्ण , हेमंत ,अरुण लोधी व सतेंद्र नरवरिया शामिल रहे ।

चार पांच पंचायतों की बीच सेंटर में है नव जागृति शक्तिपीठ रखौरा बारिश के मौसम में लोगों को बैठने की है पर्याप्त व्यवस्था

ग्रामीणों की मांग पर आज फिर लगेगा मां नव जागृति शक्ति पीठ रखौरा में वैक्सीनेशन कैंप

राकेश परिहार रिपोर्टर, पुष्पांजली टुडे

पिछोर। अनुभाग अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत आगरा के ग्राम रखौरा में स्थित मा जागृति शक्तिपीठ पर आज पांचव कैंप का आयोजन किया जा रहा है लोगों ने ग्राम पंचायत आगरा की सरपंच श्रीमती कामता बाई रघुवीर सिंह लोधी तथा स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से मांग की है कि मा नव जागृति शक्ति पीठ स्थल रखौरा में ही नियमित रूप से वैक्सीनेशन कैंपों का आयोजन कराते रहें आप की व्यवस्था से हम क्षेत्रवासी बहुत खुश हैं आपके गांव में अंत गांव के लोग व्यक्ति मिशन हेतु आते हैं तो किसी तरह का भेदभाव नहीं किया जाता है हमें सुविधा से वैक्सीनेशन लग जाती है आपके यहां इस बारिश की मौसम में भी 700-800 लोगों को सुरक्षित बैठने की व्यवस्था है और साफ सफाई के साथ-साथ पेयजल की बहुत अच्छी व्यवस्था है ग्राम पंचायत आगरा की आस पास की पंचायतों की सभी ग्रामीण जन चाहे ते है कि नव जागृति शक्ति पीठ समिति प्रबंधक ने सानिध्य में वैक्सीनेशन कैंपों का आयोजन चलता रहे जिससे हम क्षेत्रवासियों को वैक्सीन लगवाने में कोई परेशानी ना हो आपको बता दें कि नव जागृति शक्तिपीठ रखौरा पर वैक्सीनेशन कैंप

आयोजित हो सके इसके लिए ग्रामीणों ने पंचनामा बनाकर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व सरपंच ग्राम पंचायत आगरा को भेज दिया है उपरोक्त वैक्सीनेशन कैंप में स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों का व्यवहार और कार बहुत अच्छा रहा है जिसके कारण लोगों ने उपरोक्त टीम के नेतृत्व में ही वैक्सीनेशन कैंप लगातार आयोजन करने की मांग की है उपरोक्त व्यक्तियों कैंपों में ड्यूटी कर रहे कर्मचारियों के कार्य एवं व्यवहार से प्रभावित होकर ग्राम पंचायत आगरा में सी एच ओ जवाहर सिंह राजपूत एएनएम श्रीमती बैजंती बंशकार आशा सुपरवाइजर श्रीमती लता गुप्ता आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती रामकुमार लोधी आशा कार्यकर्ता आदि प्रशस्ति प्रदान कर सम्मानित किया वैक्सीनेशन केंद्र में व्यवस्थाएं मा नव जागृति शक्तिपीठ रखौरा समिति के सेवादार अजब सिंह लोधी प्रागी लाल झा महेंद्र लोधी शिक्षक वीरेंद्र लोधी दुर्ग सिंह लोधी रामरतन जाटव आदि अन्य सभी सहयोगी जनों द्वारा की जा रही है।

वन-टू-वन

फिर मिली बड़ी सफलता 02 गांजा तस्कर गांजा सहित कोतवाली पुलिस की गिरफ्त में अपराधियों की नहीं रहेगी खैर

संदीप प्रधान, पुष्पांजली टुडे

दतिया पुलिस अधीक्षक श्री अमन सिंह राठौड जी के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कमल सिंह मौर्य जी व एसडीओपी दतिया सुमित अग्रवाल जी के मार्गदर्शन में अपराधियों की धरपकड़ के दौरान मादक पदार्थों पर नकेल कसने हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत आज कोतवाली पुलिस द्वारा दो आरोपियों को गांजा ले जाते गिरफ्तार किया गया ।

यहाँ से हुई गिरफ्तारी

मुखबिर की सूचना पर पाल समाज सामुदायिक भवन के पास सपा पहाड़ दतिया से हुई आरोपीयो की गिरफ्तारी

गांजा सहित इनको किया गया गिरफ्तार

1-सोनू पुत्र हरिनाम सिंह यादव उम्र 35 साल निवासी होलीपुरा दतिया 2- पवन पुत्र सुरेश चंद कश्यप उम्र 36 साल निवासी पोल फैक्ट्री के सामने सपा पाठ दतिया

यह माल हुआ बरामद

02 बैगों में भरा हुआ 04 किलो गांजा आरोपियों के विरुद्ध धारा 8/20 NDPS एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर कोतवाली पुलिस द्वारा की गई विवेचना प्रारंभ

इनकी रही मुख्य भूमिका

थाना प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र शर्मा आरक्षक दिलीप प्रधान अनुरोध पावन, मनोज तिवारी,आर सोनपाल,गजेंद्र,राहुल बौद्ध, रविन्द्र यादव,जसवंत यादव,प्रमोद शाक्य,पुष्पेंद्र शर्मा,राघवेंद्र सिंह गुर्जर।

हरियाली वाटिका' के निर्माण का शुभारंभ किया गया

ब्यूरो पुष्पांजली टुडे

पाली । पाली उपखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत भागेसर के राजस्व गांव निंबाड़ा मैं हरित राजस्थान के तहत वृक्षारोपण किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प.स. सदस्य विजय जोशी विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रधान पति पुखराज पटेल विकास अधिकारी पाली मोहन लाल चौधरी ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय सरपंच हबीब खान साहब ने की। कार्यक्रम में सभी वक्ताओं ने पर्यावरण संरक्षण पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सभ्यता को विनाश से बचाने हेतु पर्यावरण संरक्षण अति आवश्यक है और पर्यावरण संरक्षण हेतु वृक्षारोपण पर अत्यधिक जोर देना होगा। पटेल ने कहा कि पेड़ धरती माँ के श्रृगांर हैं, हम सबको इस पुनित कार्य में सहयोग कराना चाहिए। विकास अधिकारी मोहन लाल चौधरी ने कहा कि वृक्षारोपण को हमें एक आंदोलन के रूप में लेने की आवश्यकता है।आगामी दिनों में सभी ग्राम पंचायतों में वृक्षारोपण कार्यक्रम रखा जायेगा। कार्यक्रम के दौरान ग्राम विकास अधिकारी विशाल सिंह राजपुरोहित , दुदा राम गुर्जर, मनीष राजपुरोहित, उप सरपंच प्रतिनिधि मदन सिंह , वार्ड पंच गिरधारी व अमजद खान आदि उपस्थित थे।

नेशनल हाईवे पर आग का गोला बनी बस बाल बाल बची सवारिया टायर फटने के बाद लगी आग।

संजय सिंह रिपोर्ट, पुष्पांजली टुडे

आगरा से ग्वालियर की ओर जा रही एक निजी बस सैया चौराहे पर तेज आवाज के साथ टायर फट गया उसमें धुआं निकलते देख सवारिया बस से नीचे उतर गए उसी दौरान देखते ही देखते बस एक आग का गोला बन गई लेकिन सवारियां तो बच गई लेकिन उसमें जो कुछ सवारियों का रखा हुआ सामान आग की भेंट चढ़ गया।

जलेसर में सर्राफा व्यवसाई से लूटे सोने चांदी के आभूषण व नकदी

सोनू कुमार माथुर

एटा। गुरुबार की रात मोटरसाइकिल पर सवार होकर आए अज्ञात लुटेरों ने तमंचे के बल पर थाना जलेसर क्षेत्र के अंतर्गत एक बड़ी लूट की घटनाव अंजाम दिया। पहले से घात लगाए वैठे लुटेरों ने दुकान बंद कर घर जाते समय सर्राफा व्यवसाई सुनील से नगदी व सोना तथा चांदी के आभूषणो को लूट लिया।

भाजपा की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाना है : रोमेश महंत

अर्पित गुप्ता, पुष्पांजली टुडे

दबोह / भाजपा की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाना है।यह बात भाजपा प्रदेश कार्यकारणी सदस्य रोमेश महंत ने दबोह मण्डल में भाजपा के कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता प्रशिक्षण भारतीय जनता पार्टी का देव दुर्लभ कार्यकर्ता संगठन की विचारधारा और भारतीय जनसंघ के संस्थापक पं दीनदयाल उपाध्याय और डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचारों के अनुशरण कर किसी विशेष व्यक्ति के लिए नही राष्ट्रवाद पर काम करती है जब कि देश मे कॉंग्रेस सहित व्यक्तियवाद जातिवाद वंशवाद परिवारवाद पर काम करती है।

उन्होंने कहा भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है।देश को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रूप कुशल शासक मिला है।वहीं प्रदेश में जननायक शिवराज सिंह चौहान के द्वारा प्रदेश में गरीबो मजदूरों असहाय व्यक्तियों के लिए शासन ने जो योजनाएं क्रियान्वित की है वह भाजपा कार्यकर्ता प्रत्येक बूथ तक पहुचाये आने बाले समय मे प्रदेश में नगर परिषद पंचायत तथा विधानसभा के चुनाव होना है हम अभी से अपनी पोलिंग बूथ को मजबूत करने के कार्य मे लग जाये।हमारा बूथ मजबूत होगा तभी हम चुनाव जीत पायेंगे उन्होंने आगे कहा कि देश कोरोना काल से गुजर रहा है प्रधान मंत्री मोदी जी की कुशल रणनीति से कोरोना को काबू पाया है आज देश विश्व के नक्से पटल पर उभरा है।भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनकर सामने आई है आज केन्द्र से लेकर अन्य राज्यो में कार्यकर्ता के परिश्रम से दीनदयाल जी के अंत्योदय मिशन के साथ देश और प्रदेश का भाजपा की सरकारे नेतृत्व कर रही है जनसंघ से लेकर भारतीय जनता पार्टी का संगठन और विकाश ऊँचाई और शिखर तक पहुँच रहा है पूर्व में लोकसभा में दो सदस्य हुआ करते थे।

हमारे ऊपर विचारधारा का भाव होना चाहिए-कप्तान सिंह कौरव

भाजपा के कार्यकर्ता प्रशिक्षण में भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष कप्तान सिंह कहा विचार की भाजपा का संगठन है गरीब मजदूर किसान के विकाश के लिए काम करना ही संगठन की विचारधारा है।राष्ट्रीय संत स्वामीविवेकानंद युवाओ के प्राना स्वरूप स्वामीविवेकानंद के विचार ही आज हम सब के लिए प्रणादायकी भारत को मजबूत राष्ट्र बनाने के लिए हम सब उनके विचारों को आगे बढ़ाया जिस विचार के लिए भाजपा कार्यकर्ता काम करता है वो पं दीनदयाल उपाध्याय जी के एक मानवबाद ही संगठन कि विचारधारा का भाव है।शुक्रवार को यह बैठक नगर के लक्ष्मी नारायण गार्डन में सम्पन्न हुई जिसमें मंडल महामंत्री राव साहब गुर्जर सहित कई वरिष्ठ भाजपा नेता व युवा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

मंडल की बैठक से मंडल के ही पदाधिकारियो ने बनाई दूरी

यहां बता दें कि दबोह नगर में कार्यकर्ताओं की बैठक के दौरान दबोह मंडल के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने ही दूरी बना कर रखी।शुक्रवार को हुई बैठक में लगभग कुल 50-60 शामिल हुए।जिसके बाद भाजपा नेता रोमेश महंत ने उपस्थित मंडल अध्यक्ष से अनुपस्थित कार्यकर्ताओं पर नारागजी भी जाहिर की।यहां बता दें कि जबसे दबोह मंडल की कार्यकारिणी का गठन हुआ है तभी से कार्यकर्ताओ में मंडल अध्यक्ष व पदाधिकारियो को लेकर रोष व्यप्त है।जिसकी वजह से कार्यकर्ताओ ने बैठक से दूरी बनाई साथ ही मंडल की कार्यकारिणी की घोषणा होने के बाद पुराने कार्यकर्ताओ की पार्टी में पूछ बन्द होने की वजह से भी कार्यकर्ता नाराज नजर आ रहे हैं।

सरपंच बंजारा की प्रेरणा से हरियालो राजस्थान का लिया संकल्प

501 वृक्ष लगाने की की गई शुरुआत

ब्यूरो पुष्पांजली टुडे

पाली । पाली ब्लाक के ग्राम पंचायत रूपावास राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान व तालाब आगोर भूमि सड़क किनारे पर सरपंच सुरेश बंजारा एवं समाजसेवी हरिभाई पटेल के प्रेरणा से धरती को हरा भरा राजस्थान पर्यावरण संरक्षणके तहत आम जन को वृक्षारोपण की शपथ दिलाने के साथ-साथ 501 वृक्ष लगाने की शुरुआत की गई। पर्यावरण प्रेमी सरपंच बंजारा और समाजसेवी पटेल ने बताया कि पौधा हमारे जीवन का आधार है । हम सभी को अधिकाधिक पौधा रोपण करने हेतु संकल्प बध्द होना होगा । जब ही यह पृथ्वी हरी भरी व शुद्ध वातावरण दे सकेगी । इसी पर विभिन्न प्रकार के छायादार व फलदार 501 वृक्षारोपण कर प्रत्येक बसों के रखरखाव एवं देखभाल करने की संकल्प आमजन को दी गई।

इस मौके पर प्रधानाचार्य नीतू जालवाड , पुर्व जिला परिषद सदस्य श्रीदेवी पटेल, पुर्व छात्रसंघ अध्यक्ष पायल पटेल , खुशबू आजंणा, अध्यापिक पूर्णिमा दवे,शिल्पा जैन, प्रमिला , भावना , वीणा दवे , पुर्व सरपंच दीपाराम बंजारा,वार्ड पंच वजाराम मीणा, अध्यापक गजेन्द्र सैन, भवानी सिंह, अशोक दवे, रामजीवन सुथार, दानाराम राठौड़ , सोहन व नारायण लाल सहित कई ग्राम वासी मौजूद थे।

विद्युत विभाग की मनमानी के कारण किसान परेशान

ब्यूरो पुष्पांजली टुडे



पाली। विद्युत विभाग की मनमानी के कारण रानी उपखंड क्षेत्र सिवास खिवाडा निवासी सुगना देवी हंसाराम चौधरी पिछले 6 माह से कृषि कुए पर नए विद्युत कनेक्शन के लिए तरस रहे हैं। चिंतित किसान ने बताया कि विद्युत विभाग के आदेश के अनुसार 6 माह पूर्व कनेक्शन के लिए लगभग 90 हजार राशि का डिमांड भरने के बाद भी विधुत कनेक्शन नही हो रहा है । केंद्र सरकार की ओर से धरतीपुत्र किसानों के लिए कई महत्वाकांक्षी योजनाएं लागू की। मगर राजस्थान में राज्य सरकार की अनदेखी के कारण विद्युत विभाग ग्रामीण क्षेत्रों में धरतीपुत्र किसानों पर कहर बरसा रहा है। कोराना काल के चलते गरीब वर्ग एवं जरूरतमंद परिवार के मुख्य सदस्यों को अपने परिवार का भरण पोषण करना भी वर्तमान समय में पहाड़ सा संकट खड़ा हुआ लेकिन विद्युत विभाग इसके विरुद्ध दोहरी मार मार रहा है।

बिलाड़ा में अतिक्रमण हटाने के लिए सौंपा ज्ञापन

पुष्पाजंली टुडे, नारायणलाल सैणचा

जोधपुर ~-बिलाड़ा-वार्ड न?33 स्थित ग़ैर मुमकिन नाडी बेरा निचला भेंवरिया शिवनगरी के समीप चक नम्बर एक द्वितीय में खसरा नम्बर 3212 क्षेत्रफल 4 बिगा दस बिस्वा जिसका आवंटन 12 अक्टूबर 1987 क़े राजस्व मंडल अजमेर क़े फ़ैसले क़े मुताबिक़ ख़ारिज हों चुका हैं उसके बावजूद पड़ोसी खे़त वाले अपनी खातेदारी बताकर इसे रेत डालकर इसका नामोनिशान मिटाने पर आमादा हैं...इसकी शिकायत प्रदीप पुत्र जयराम सीरवी ने उपखण्ड अधिकारी भवानीसिंह को की...प्रदीप सीरवी ने बताया कि राजस्व विभाग क़े फ़ैसले के 34 साल बीत जाने के बावजूद इन खातेदारो की खातेदारी रद नही हुई यही कारण हैं कि यें लोग़ इस ग़ैर मुमकिन नाडी को अपना मानकर इसे नष्ट करने पर आमादा हैं...यहाँ तक कि नाडी का क़रीब आधा हिस्सा अपनी खातेदारी की भुमी में मिला दिया हैं जिससे नाडी का भराव क्षेत्र कम हो गया हैं इस कारण बारिश क़े मौसम में यहाँ के रहवासियो को भारी परेशानियों का समाना करना पड़ता हैं प्रदीप सीरवी का निवेदन हैं कि नाडी पर चल रही अवैध खातेदारी को हटवाकर इसे सरकारी सम्पति घोषित किया जाये।

मुरैना में खनन माफियाओं के हौसले बुलंद

वन अमले को देख भगाई ट्रैक्टर-ट्रॉली, हड़बड़ाहट में पलट गई, छोड़कर मौके से भागा ड्राइवर

मुरैना से गौरव शर्मा पुष्पांजलि टुडे।

पत्थर से भरी ट्रैक्टर ट्राली जा रही थी। सामने से आती वन विभाग की टीम को देखकर चालक ने ट्रैक्टर भगाने लगा। रफ्तार में ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई। अपने को फंसता देख चालक ने तुरंत दौड़ लगा दी। वह मोके से फरार हो गया। घटना मंगलवार सुबह 8 बजे की है।



जिले में खनन माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। वे लगातार वन विभाग के अमले को छका रहे हैं। विभाग की एसडीओ श्रद्धा पांढरे के नेतृत्व में वन अमला लगातार कार्रवाई कर रहा है *7 लाख का जब्त किया माल*शहर के नहर के पास एसडीओ के नेतृत्व में गश्ती दल दिमनी थाने से लौट रहा था। सामने से पत्थर व पटियों को लादे ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक आता दिखाई दिया। अमले ने उसे रोकने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं रुका । उसने ट्रैक्टर भगाया, लेकिन संतुलन खो बैठा। इसके बाद ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई। वन अमले ने मौके से पत्थर को उठवाया। ट्रैक्टर-ट्रॉली को लाकर सिविल लाइन थाने की सुपुर्दगी में दे दिया गया। इसमें विभाग ने करीब सात लाख रुपए का माल ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित जब्त किया है वन अमले पर फायरिंग कर छुड़ा ले गए थे ट्रैक्टर-ट्रॉली कुछ दिनों पहले एक अवैध रेत से भरी ट्रेक्टर ट्राली का पीछा करते हुए माफियाओं ने वन अमले पर कट्टों से फायरिंग कर दी थी। इस हमले में एसडीओ श्रद्धा पाढ़रे तथा अन्य आरक्षक बाल-बाल बचे थे। हमला आरटीओ बैरियर के पास हुआ था। इस दौरान ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक ने सड़क के किनारे खड़ी फॉचूर्नर कार को भी टक्कर मारी थी। फायरिंग करते हुए, हमलावर, ट्रैक्टर-ट्रॉली को छुड़ा कर ले गए थे।

'किसी भी संगठन की जड़ होता है उसका मूल कार्यकर्ता : संजीव कांकर'

नीरज त्रिपाठी पुष्पांजली टुडे

गोरमी/भिण्ड(ब्यूरो)।भारतीय जनता पार्टी मंडल गोरमी की मंडल कार्यसमिति की बैठक नगर के पोरसा रोड स्थित संस्कार महाविद्यालय में आयोजित की गई बैठक में बतौर मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य संजीव कांकर एवं विशेष अतिथि के रुप में मार्गदर्शन देने हेतु पार्टी के वरिष्ठ नेता गब्बर सिंह गुर्जर मौजूद थे बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक ने की बैठक के प्रारंभ में सभी अतिथियों ने जनसंघ के संस्थापक सदस्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया इसके बाद मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक ने मंडल कार्यसमिति की बैठक की रूपरेखा प्रस्तुत की एवं स्वागत भाषण दिया एवं सेवा ही संगठन विषय पर गोरमी मंडल में कोविड के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं दुआरा किये गये कार्यो को विस्तार से बताया इसके बाद कोविड काल मे दिवगंत हुऐ पार्टी के बरिष्ठ कार्यकर्ता सूर्योदय दीक्षित एवं बलदेव सिंह कुशवाह को श्रद्धांजलि दी गई । इस अवसर पर कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व जिला अध्यक्ष संजीव कांकर ने कहा दुनिया में कोई भी संगठन हो वह तब तक उन्नति नहीं कर सकता जब तक उस संगठन का पोलिंग बूथ का कार्यकर्ता मजबूत नहीं होगा कार्यकर्ता उस संगठन की जड़ होता है इस लिए मैं कह सकता हूं कि भाजपा छोटे से पौधे से आज एक बड़ा विशाल बट बृक्ष बना है उस में मुख्य भूमिका पार्टी के एक-एक देव दुर्लभ कार्यकर्ता की है भाजपा कोई संगठन नहीं है भाजपा एक विचारधारा है जिसे पूरे देश की जनता ने स्वीकार किया है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गांव गरीब किसान छात्र मजदूर हर वर्ग की चिंता की है अब हम सब कार्यकर्ताओं का फर्ज है कि हम केंद्र एवं राज्य सरकार की जो महत्वाकांक्षी योजनाएं हैं उन योजनाओं का प्रचार प्रसार हम जन जन तक जाकर करें इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में मौजूद पार्टी के वरिष्ठ नेता गब्बर सिंह गुर्जर एडवोकेट ने कहा कि भाजपा में प्रत्येक कार्यकर्ता परिवार की तरह कार्य करता है कार्यकर्ता रात दिन मेहनत करके यह पूरी कोशिश करता है कि मेरा परिवार आगे बढे । मंडल कार्यसमिति के माध्यम से आज कतार का ताऊ को जो प्रशिक्षण मिलता है उसे हमारा सर कता संगठन के काम के लिए और मजबूत होता है इसलिए इस प्रकार के प्रशिक्षण समय-समय पर आयोजित होते रहना चाहिए । मंडल कार्यसमिति की बैठक का संचालन मंडल महामंत्री निर्मल आर्य ने किया एवं अंत में बैठक के समापन की घोषणा बैठक के प्रभारी राजकुमार जैन ने किया ।

इस अवसर पर मुख्य रूप से पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री कृष्ण कटारे, गोकुल सिंह परमार,दलवीर सिंह तोमर, डॉ भरत प्रताप सिंह भदौरिया, धुर्व शर्मा मुकेश यादव मनीष अग्रवाल जय सिंह गुर्जर,अरविंद वर्मा, दिवाकर शर्मा, रामवीर गुर्जर संतोष भदौरिया कमलेश वेशान्दर, सुमेर यादव, ओमकार यादव दिनेश यादव, बल्लू जैन, राय सिंह जाटव, अरविंद जैन, सुनील सोनी दिनेश श्रीवास् रज्जन भदौरिया, मोनू जैन ,मोनू शर्मा , रामजीलाल थापक ,राहुल कटारे, मालती जाटव,उर्मिला तोमर, गुड्डी गुर्जर ,भान सिंह नरवरिया ,विनोद यादव ,रवि सोनी,नीरज यादव, सुभाष यादव,राजू भदोरिया आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

रास्ते के अभाव में पानी भरे खेतों से चारपाई पर ले जाते मरीज

अंकित कुमार रिपोर्टर, पुष्पांजली टुडे

महेवा इटावा। लवेदी के निकट नगला फतेह गांव का हाल बेहाल है आजकल। जहां एक ओर गांव को सड़कों से जोड़ने का काम जोरों पर चल रहा है वही दूसरी ओर आजादी के बाद अब इस गांव को सड़क से नही जोड़ा गया । ग्रामीणों का कहना है कि गांव में केवल एक ही जाति के दलित लोग निवास करते हैं । सायद इसी वजह से आज तक गांव के लिए रास्ते की कोई सुनवाई नही हुई है । गांव की वृद्धा विद्यादेवी की आज अचानक हालात खराब हुई तो गांववालों ने आनन फानन में विद्या देवी को चारपाई पर लेकर जलमग्न रास्ते से होकर दौड़ पड़े । ऐसे में यदि गांव में कोई हादसा हो जाये तो शासन प्रशासन का पहुंचना बहुत मुश्किल होगा क्योंकि गांव में जाने के लिए कोई भी रास्ता नही है । ग्रामीणों ने कई बार अधिकारियों के चक्कर लगाये लेकिन परिणाम शून्य रहा। इस बार ग्रामीणों में रास्ते को लेकर भारी आक्रोश दिखाई दे रहा है ।

वन-टू-वन

विश्व स्तनपान सप्ताह का आयोजन एक अगस्त से'

पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ, पुष्पांजली टुडे

भोपाल। स्तनपान शिशुओं को आवश्यक पोषण प्रदान करने का सबसे अच्छा तरीका है। स्तनपान को प्रोत्साहित करने और दुनियाभर के शिशुओं के स्वास्थ्य में सुधार लाने के लिए हर वर्ष एक से 7 अगस्त तक ÷विश्व स्तनपान सप्ताह÷ मनाया जाता है। संचालक महिला-बाल विकास श्रीमती निधि निवेदिता ने बताया कि मध्यप्रदेश में प्रति वर्ष जन्म लेने वाले 14 लाख बच्चों में से केवल 4.8 लाख बच्चों को जन्म के तुरंत बाद जीवन रक्षक खीस (कोल्स्ट्रम) मिलता है। लगभग 9 लाख बच्चे इससे वंचित रहते हैं। उन्होंने बताया कि केवल 8 लाख बच्चों को 6 माह तक माँ का दूध दिया जाता है, 5.8 लाख बच्चे इससे वंचित रह जाते हैं। जन्म से 24 घंटे के बाद स्तनपान शुरू कराने से शिशुओं के मौत का खतरा 2.4 गुना बढ़ जाता है। श्रीमती निवेदिता ने बताया कि स्तनपान एवं ऊपरी आहार से शिशु मृत्यु दर में 19 प्रतिशत की कमी लाई जा सकती है। समाज को भी अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। परिवार के सदस्यों को यह समझना आवश्यक है कि स्तनपान विशेष रूप से विभिन्न संक्रामक बीमारियों से बचाने में सक्षम है, क्योंकि यह सीधे माँ से रोग प्रतिकारक क्षमता को स्थानांतरित करके शिशु की रोग प्रतिरोधक प्रणाली को मजबूत कर देता है। संचालक श्रीमती निधि निवेदिता ने बताया कि विश्व स्तनपान सप्ताह पर सभी जिलों में साप्ताहिक वेबिनार, स्थानीय भाषा में स्लोगन का पोस्टर एवं वीडियो का प्रचार, मीडिया का संवेदीकरण, स्तनपान कराने वाली महिलाओं को सफल गाथाओं का संकलन कर रेडियो में प्रसारण, डिजिटल पिक्चर स्टोरी प्रतियोगिता, पोषण प्रशिक्षण आदि कार्यक्रम आयोजित होंगे।

शहर में प्रवेश करते ही हरियाली देखकर नागरिकों को होगी सुखद अनुभूतिः निगमायुक्त

ग्वालियर। शहर का प्रवेश द्वार हराभरा एवं सुंदर होगा तो शहर में बाहर से आने वाले नागरिकों को सुखद अनुभूति के साथ ही बहुत प्रसन्नता होगी तथा हरियाली युक्त वातावरण देखकर शहर की अच्छी छवि प्रदेश व देश में बनेगी। इसके साथ ही शहर के नागरिकों को भी शुद्व वातावरण मिलेगा। उक्ताशय के विचार नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा ने आज शिवपुरी लिंक रोड पर किए जा रहे पौधारोपण अभियान का अवलोकन करते हुए व्यक्त किए। ग्वालियर शहर ग्रीन ग्वालियर के रुप में प्रदेश, देश व दुनिया में जाना जाए और शहर के नागरिकों को शुद्व वातावरण मिले इसी उददेश्य को लेकर नगर निगम ग्वालियर द्वारा अधिक से अधिक पौधारोपण एवं पौधों के संरक्षण के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें स्थानीय नागरिकों के सहयोग से पौधे रोपकर उनके संरक्षण की जिम्मेदारी स्थानीय नागरिकों को ही दी जा रही है तथा प्रत्येक पौधे का वायुदूत एप्प पर पंजीयन कराया जा रहा है। इसी अभियान के तहत शहर के प्रमुख प्रवेश द्वारा शिवपुरी लिंक रोड के डिवाइडरों को हरा भरा कराया जा रहा है। इस अभियान में शिवपुरी लिंक रोड पर स्थित विभिन्न प्रतिष्ठानों, शोरुम एवं कॉलेज व स्कूलों के संचालकों की सहभागिता भी कराई जा रही है जिससे वह स्वयं इस अभियान से जुडकर वहां लगाए जा रहे पौधों का संरक्षण करें और उस रोड को शहर की सबसे सुंदर रोड बनाएं। पौधारोपण अभियान के तहत शिवपुरी लिंक रोड के डिवायडर पर विभिन्न प्रजातियों के कुल लगभग 1450 पौधे रोपे गए हैं। जिसमें 5 पौधे कनेर व 1 पौधा करंज पैटर्न में पौधे लगाए गए तथा एक पौधे से एक पौधे की दूरी 4 फीट रखी गयी। वहीं आज शुक्रवार को वहां के प्रतिष्ठान संचालकों के सहयोग से लगभग 500 पौधे रोपे गए। इसी अभियान का अवलोकर आज नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा द्वारा किया गया तथा उनके द्वारा भी कुछ पौधे लगाए गए एवं वहां के प्रतिष्ठान संचालकों से इन सभी पौधों के रखरखाव व संरक्षण का आग्रह किया। शिवपुरी लिंक रोड पर पौधारोपण अभियान निगमायुक्त श्री शिवम वर्मा के साथ अपर आयुक्त श्री राजेश श्रीवास्तव, नोडल अधिकारी पार्क श्री मुकेश बंसल एवं भारतीयम विद्यान निकेतन के श्री पुष्पेन्द्र चतुर्वेदी, टाटा मोर्टस के श्री मोहन कुमार, फोर्ड मोटर्स के श्री देवेन्द्र शर्मा एवं सरस्वती शिशु मंदिर सहित अनेक प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधि, पार्क निरीक्षक श्री सुभाष शाक्य, श्री अनिल धाकड़, श्री अंकित परिहार उपस्थित रहे।

CBSE का रिजल्ट घोषित

ग्वालियर में 12वीं के 99.22 % स्टूडेट्स पास टॉपर में लड़कों पर भारी लड़कियां

कहीं खुशी तो कहीं 11वीं को हल्के में लेने का मलाल

ग्वालियर में टॉप चार स्टूडेंट में पहले दो स्थान पर बेटियां

ग्वालियर। सेन्ट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (CBSE) का शुक्रवार को रिजल्ट जारी हो चुका है। इस साल परीक्षा में 99.37 प्रतिशत स्टूडेंट्स पास हुए हैं। लड़कों पर लड़कियों ने बाजी मारी है। इस सभी के बीच ग्वालियर में भी 86 CBSE स्कूल के लगभग 10 हजार स्टूडेंटस में से 99.22 % स्टूडेट्स पास हुए हैं। पास होने वालों में टॉप 2 स्टूडेंट्स लड़कियां हैं।

CBSE का रिजल्ट 30:30:40 के फार्मूले पर तय किया गया है। रिजल्ट आने के बाद कहीं खुशी है तो कहीं 11वीं में पढ़ाई को हल्के में लेने का मलाल है। कुछ स्टूडेंट्स फिजिकल परीक्षा की बात

भी कह रहे हैं। पर अधिकतर छात्र परीक्षा परिणाम से संतुष्ट हैं। यह छात्र अब आगे के बारे में सोच रहे हैं।

ऐसे तैयार किया गया है रिजल्ट

CBSE के बनाए पैनल ने 12वीं के छात्रों के मूल्यांकन के लिए 30:30:40 के फार्मूला तय किय गया था। इस फार्मूला के चलते 10वीं और 11वीं के 30-30त्न और 12वीं के प्री बोर्ड एग्जाम को 40त्न वेटेज दिया गया है। जिन छात्रों ने 11वीं को हल्के में लेकर लापरवाही बदती थी उनको अब मलाल है कि उनका परिणाम और बेहत्तर हो सकता था।

ग्वालियर के टॉपर

ग्वालियर में CBSE का रिजल्ट आने के बाद सिंधिया फोर्ट स्कूल की अदिति जोशी 99.4 त्न के साथ टॉप पर रही हैं। वह एक सफल इंजीनियर बनना चाहती हैं। वह PCM(फिजिक्स, कैमिस्टी, मैथ्स) की स्टूडेंट हैं। वैसे तो सिंधिया फोर्ट बॉयस स्कूल है, लेकिन फैक्ल्टी के बेटे-बेटियां वहां पढ़ सकते हैं।

सिंधिया कन्या विद्यालय की श्रीजी पटेल 98.8त्न के साथ दूसरे नंबर पर रही हैं।

इसके बाद सिंधिया फोर्ट स्कूल के चिराग राठी और शिवांश बंसल सामान्य अंक 98.4त्न प्रतिशत के साथ संयुक्त रूप से तीसरे नंबर पर रहे हैं।

छात्र बोले यदि परीक्षा होती तो हमारे और अच्छे अंक आते

रूचि बेदी- ग्रीनवुड स्कूल आदित्यपुरम की रूचि के 94.2% अंक आए हैं। रूचि का कहना है कि पढ़ाई में नियमितता की वजह से ही उनके अंक अच्छे आते हैं। यदि परीक्षा होती तो उसके और भी अच्छे अंक आते। रूचि का कहना है कि मेरा फोकस सिविल सर्विसेज IAS बनने पर है। उसी को ध्यान में रखकर में आगे की प्लानिंग कर रही हूं।

हिमाद्री राय- RKVM स्कूल की बायोलॉजी की छात्रा हिमाद्री ने 96त्न अंक प्राप्त किए हैं। हिमाद्री का कहना है कि उनका फोकस डॉक्टर बनने पर है। साथ ही इस पैटर्न पर एग्जाम और मार्क्स से वह संतुष्ट नहीं है। हिमाद्री का कहना है कि परीक्षा होती तो वह और भी अच्छे मार्क्स ला सकती थीं। अभी वह फिजिकल परीक्षा देने के बारे में विचार कर रही हैं।

मंदिर और मकान में चोरी

ग्वालियर । शातिर चोर बहोड़ापुर थाना क्षेत्र के विनय नगर में एक मंदिर के ताले चटका कर दान पेटी से नगदी चोरी कर ले गए। वहीं माधवगंज और थाटीपुर थाना क्षेत्र में दो मकानों के ताले चटका कर नगदी गहने सहित हजारों का माल समेट ले गए। पुलिस ने चोरों की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार बहोड़ापुर थाना क्षेत्र के विनय नगर में अमृतेश्वर महादेव मंदिर की बीती रात चोरों ने ताले चटका दिए और मंदिर में रखी दान पेटी से नगदी चोरी कर ले गए ।सुबह पुजारी आया तब चोरी का पता चला। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं माधव गंज थाना क्षेत्र के हेमसिंह की परेड निवासी रीना कुशवाहा अपने पति के पास डबरा गई थी तभी चोरों के मकान के ताले चटका दिए और घर से 10 हजार की नगदी तथा सोने-चांदी के गहने चोरी कर ले गए । एक अन्य जानकारी के अनुसार थाटीपुर थाना क्षेत्र निवासी महेंद्र कुमार रात अपने घर में सो रहे थे तभी छत के सारे चोर घर में घुस आए और उनकी पत्नी के पर्स में रखे 30 हजार चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

घर में घुसकर की छेड़छाड़..

मकान मालिक ने पकड़ा किराएदार का हाथ बोला- चांद पर ले जाऊंगा, विरोध करने पर मोहल्ले में बांट दिया मोबाइल नंबर

ग्वालियर

घर में अकेली विवाहिता को देखकर मकान मालिक की नीयत खराब हो गई। कमरे में पहुंचे मकान मालिक ने महिला का हाथ पकड़ लिया और बोला चांद पर ले जाऊंगा। विवाहित ने विरोध किया तो उसे दो दिन में मकान खाली करने की धमकी दे दी। इतना ही नहीं महिला को बदनाम करने उसका मोबाइल नंबर मोहल्ले में बांट दिया।

लोग महिला को कॉल कर परेशान करने लगे। घटना सिरोल ब्लॉक-ष्ट हुरावली की है। बदनामी के डर के चलते महिला चुप रही तो पड़ोसी ने भी मकान मालिक के कहने पर उससे छेड़छाड़ की। जिस पर उसे सिरोल थाने में शिकायत करने पर विवश होना पड़ा है।

सेवानिवृत्ति एक पड़ाव है इसके बाद के जीवन को और सुखमय बनाएँ : कलेक्टर सिंह

कलेक्ट्रेट कार्यालय में सेवानिवृत्ति हुए कर्मचारियों को दी भावभीनी विदाई

ग्वालियर । शासकीय सेवा में जो आया है उसे निर्धारित समय के बाद सेवानिवृत्त भी होना है। सेवानिवृत्ति का अर्थ यह नहीं है कि वह काम से फ्री हो गया है। यह केवल एक पड़ाव है। इसके आगे और काम बाकी हैं। शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त होने के बाद भी सक्रिय रहकर अपने जीवन को और बेहतर बनाने की दिशा में कार्य करते रहना चाहिए। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह में यह बात कही।

कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित विदाई समारोह में चार कर्मचारियों को सेवानिवृत्त होने पर शॉल-श्रीफल से

सम्मानित कर सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। इस मौके पर सीईओ जिला पंचायत श्री किशोर कान्याल, अपर कलेक्टर श्री आशीष तिवारी, एडीएम श्री टी एन सिंह, श्री रिंकेश वैश्य सहित सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व और विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त हो रहे कर्मचारियों के परिजन भी शामिल हुए।

कलेक्टर श्री सिंह ने सेवानिवृत्त हुए सभी कर्मचारियों से कहा कि उन्होंने जीवन का बहुत बड़ा भाग शासकीय सेवा में कार्य करते हुए गुजारा है। सेवानिवृत्ति के पश्चात भी शासकीय अधिकारियों और कर्मचारियों का परिवार उनके साथ है। जब भी कोई जरूरत होगी तो उनकी हर संभव मदद की जाएगी। उन्होंने कहा कि क्रिकेट खेल की तरह उनके जीवन की एक पारी समाप्त हुई है। दूसरी पारी का खेल अभी बाकी है। सभी सेवानिवृत्त कर्मचारी अपनी दूसरी पारी में भी बेहतर प्रदर्शन करें और अपने जीवन को बेहतर बनाएँ।

Prashant Bhadouriya 8279318693
0751-4910086 CNTX- 2286
Prabal Rajawat 9584013254
AirSON PHARMA
Pharmaceutical Distributor
Deal's in - MANKIND, FDC, CHARAK, ABBOTT, MECLEODS, CIPLA, HIMALAYA, MEDLEY, SANOFI ETC
Hujrat Pull Near Madhav Plaza, Jinshi Road-2, Lashkar, Gwalior (M.P.)
Gmail : airsonpharma20gmail.com

पुष्पांजली टुडे
राष्ट्रीय मासिक पत्रिका,दैनिक न्यूज़ पेपर,ऑनलाइन न्यूज़ पोर्टल
पुष्पांजली टुडे समूह द्वारा मध्यप्रदेश के हर एक ज़िले में तहसील में ब्यूरो एवं रिपोर्टर मनोनीत किया जा रहे है।
इच्छुक व्यक्ति तुरंत सपंर्क करें :-
9826576206, 8839257634, 0751-4901403
पंकज त्रिपाठी
स्टेट ब्यूरो चीफ म.प्र.

SOMYA GROUP सौम्या प्रोपर्टीज
ग्वालियर शहर में बिना ब्याज के आसान मासिक किस्तों पर आज ही अपने सपनो का घर बनाने के लिये प्लॉट बुक करें ।
सैना के जवानों के लिये विशेष छूट
बेटी के नाम पर बुकिंग करने पर आकर्षण उपहार व 10% की छूट
प्लॉट उपलब्ध है
पिंटो पार्क, ग्वालियर भिण्ड रोड, मुरैना झांसी रोड, ग्वालियर मुरैना वड़ागांव खुरैरी रोड, एयरपोर्ट शनिचरा रोड
सम्पर्क करें
9713253992
www.somyaproperty.com
तोमर मार्किट गायत्री मंदिर बाली गली पिंटू पार्क ग्वा.

GPS BASED VEHICLE TRACKING SYSTEM & MANAGEMENT FROM W2TRACK SOLUTIONS
Please call us for demo/order: +91 9827270016/7738373527/7738373526
जीपीएस आधारित वाहन ट्रैकिंग और वाहन प्रबंधन प्रणाली - अपने परिवहन प्रणाली को अधिक उत्पादक, सुरक्षित और उपयोगकर्ता के अनुकूल बनाएं।
W2TRACK
✓GPS based Track, Monitor & Analyze your vehicles in real-time
✓Digital records of all your fleet operations at Central place
✓Optimise your Routes, Scheduling and Dispatch
✓Improve Driver Behaviour, remotely immobilize vehicle etc.
✓Improve productivity, efficiency & safety
✓Manage fleet expenses & reduce operational cost (ROI)
✓Power Your Fleets with Latest AIS 140 GPS Devices
Website & Mobile based Application/Software
MAKE IN INDIA
₹2999
Basic GPS Based Fleet Monitoring System with Advanced Reporting
RTO ApprovedNTEGRATED AIS 140 GPS Device (ARAI/ICAT Approved)
PUBLIC TRANSPORT VEHICLES
-SCHOOL BUSES
-TAXI/CABS
-TRANSIT BUSES
-INTERCITY BUSES
COMMERCIAL VEHICLES
SABA TECHNOSOFT
Deliver The Best, Performance Assured
₹5999
GSTIN: 27ACUFS2949C1ZO www.w2track.com (Locations PAN India GPS Service)

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478